रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-112 मूल्य 3.00 ₹

# सीएम विष्णु देव ने कहा- एक वर्ष में मोदी की गारंटी के सभी बड़े वादे हुए पूरे

## विपक्ष का आरोप-राज्य में मोदी की गारंटी फेल, एक साल में छत्तीसगढ़ हुआ बदहाल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में विश्वास को कायम करने की थी। अब अपनी सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि 'मोदी की गारंटी' के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर हमने जनता के विश्वास को कायम रखा है। साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधियों को स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। हमने बीते एक साल को विश्वास का वर्ष घोषित किया है। वास्तव में प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्ष का समय विश्वास के संकट का समय था। पूर्ववर्ती सरकार ने 'जन घोषणा पत्र' में किए गए लगभग सभी वादों से मुकरते हुए न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए ही भरोसे का संकट पैदा कर दिया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता में इस विश्वास को कायम करने की थी। अब एक वर्ष पूरे होने पर जब आपके माध्यम से जनता के समक्ष हमारी पूरी सरकार रिपोर्ट कार्ड लेकर प्रस्तुत हुई है, तो मुझे यह बताते हुए संतोष हो रहा है कि 'मोदी की गारंटी' के रूप में किए सभी बड़े वादों को पूरा कर हमने इस विश्वास की बहाली की है। हमें प्रदेश की महतारी-बहनों को, किसानों को, युवाओं को, आवास से वंचित कर दिए गए कमजोर वर्ग के लोगों से किए वादे को पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारी सरकार ने प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। सरकार बनते ही हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्परता के साथ कार्यवाही की।

### किसानों, गरीबों और महिलाओं से वादा पूरा

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमने अपने वादे के मुताबिक किसान बंधुओं को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई है। वहीं राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को रोजगार परक बनाया है। राज्य की प्रतिभाओं को निखारने के लिए रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश की 13 नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरियों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अपने वादे के मुताबिक हमने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौट आया है। हमने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की।इस तरह हमने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। इसके साथ ही जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हमने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा को सालाना पांच-पांच हजार रुपए की सम्मान निधि देने की घोषणा की है।जनजातीय गांवों में अखरा निर्माण विकास योजना शुरू की गई है। जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा नायकों की स्थान-स्थान पर प्रतिमाएं लगाने का निर्णय भी हमने लिया है। बस्तर में पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। यह बड़ी उपलब्धि है कि कांगेर घाटी के गांव धुड़मारास ने अब विश्व पर्यटन के नक्शे पर जगह बना ली है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने इस गांव में पर्यटन के विकास के लिए इसे दुनिया के चुनिंदा 20 गांवों में शामिल किया है। गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन से भी राज्य में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को बल मिला है। सरगुजा में मधेश्वर पहाड़ को विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में मान्यता मिली है।

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के साथ भगवान राम का गहरा नाता है। वे हमारे भांजे हैं। उन्होंने वनवास के 14 सालों में से 10 साल यहीं गुजारे। हमारी कोशिश है कि दुनिया भगवान श्रीराम से हमारे इस रिश्ते को जानें। प्रदेश में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू करके हमने यहां के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की, ताकि भगवान राम से अपने रिश्ते को और सघन कर सकें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। नई उद्योग नीति में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया है। हमने पर्यटन को भी उद्योग के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को भी रियायत देने का विशेष प्रावधान है। नयी उद्योग नीति में अनुसूचित जाति और जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर, भूतपूर्व सैनिकों, नक्सल प्रभावित, आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं तृतीय लिंग के उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिये जाने का प्रावधान है।

### एक साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्ज



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा वादा निभाने वित्तमंत्री, गृहमंत्री के आवास का घेराव किया जा रहा है, सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये है। दिव्यांग मुख्यमंत्री निवास घेरने को निकलने को विवश हो गये। यह सरकार के 01 साल की कथित सफलता कि सच्चाई है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भाजपा सरकार के 01 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी है। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 01 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बद हो गयी। बिजली के दाम बढ़ गये। एक साल में ही साय सरकार जनता में अलोकप्रिय साबित हो गयी है। डॉ. महंत ने कहा कि, एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 05 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़.गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। 18 लाख आवास देने का वादा था, 01 साल में 01 भी नया मकान नहीं दे पाये। महतारी वंदन में माताओं, बहनों से धोखा, 25 प्रतिशत माताओं के खाते में पैसा गया, शेष घूम रही है। साय सरकार एक साल में ही अलोकप्रिय साबित हो रही है। एम. सी. बी. जिला एवं नारायणपुर ट्रायबल हॉस्टल में छात्राओं का यौन शोषण, अनुसूचित क्षेत्रो में 2 माह से चना वितरण बंद है, कर प्रणाली इतना सुदृढ़ हो गई की राजधानी की व्यापारी जी.एस.टी. अधिकारियो का वित्त मंत्री एवं सी.एम.के नाम से धमकी देते है, प्रदेश विगत एक वर्ष से मादक पदार्थो की तस्करी का कॉरिडोर बन गया है, सड़क हादसे में आमजनो रोज मौत हो रही है, प्रदेश के मंत्री भी सड़क हादसे के शिकार होते जा रहे है, प्रदेश का कोरबा एवं रायपुर जिला प्रदुषण के मामले में देश में टॉप टेन में शामिल है, चिटफंड एवं माइक्रो फाइनेंस कम्पनिया का प्रशासन के संरक्षक में पुरे प्रदेश में नेटवर्क फैल रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओ को बंद किया गया अथवा नाम परिवर्तन किया गया।

## क्विक न्यूज़

### आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का आदेश जारी



**रायपुर।** केंद्र सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का आदेश जारी कर दिया है। जीपी सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। जहां उनकी बहाली के कैट के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र सरकार की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। सर्वोच्चतम न्यायालय के इस फैसले के बाद अब जीपी सिंह को केंद्र सरकार ने बहाल कर दिया है। इस आदेश के जारी होने के बाद अब जल्द ही उन्हें छत्तीसगढ़ में पदस्थापना मिलने की उम्मीद है।

### मुर्मु ने नेपाली सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किया



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत की यात्रा पर आये नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगदेल को भारतीय सेना के जनरल का मानक रैंक प्रदान किया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार जनरल सिगदेल को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह रैंक प्रदान किया गया। भारत और नेपाल लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार एक दूसरे के सेना प्रमुख को जनरल का रैंक प्रदान करते रहे हैं। नेपाल के राष्ट्रपति ने भी हाल ही में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाली सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किया था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है।

### सेना ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिये को हिरासत में लिया



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को हिरासत में लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सतर्क सेना के जवानों ने एक घुसपैठिये को उस समय पकड़ा, जब वह नियंत्रण रेखा पार करके पुंछ के सीमावर्ती गांव नूरकोट से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहा था। प्रारंभिक पूछताछ से ऐसा लगता है कि वह गलती से नियंत्रण रेखा पार कर गया है। हिरासत में लिये गए घुसपैठिये की पहचान 18 वर्षीय मोहम्मद सादिक के रूप में की गयी है, उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिये से पूछताछ की जा रही है।

## सोरोस और सोनिया के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है कांग्रेस : नड्डा

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में सदन के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अमेरिका के विवादास्पद निवेशक जॉर्ज सोरेस और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नड्डा ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सदन में लोकतंत्र की मर्यादा का सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने समय-समय पर प्रजातांत्रिक प्रणालियों को ताक पर रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुंह से संसदीय प्रणालियों की चर्चा करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणालियों की बात करने वाली कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता संसद भवन परिसर में राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री की घटना की वीडियोग्राफी करते हैं और अन्य सदस्यों को इसके लिए उकसाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे तो ऐसा लगा जैसे मुझे कॉलेज के दिन याद आए। जब कॉलेज में यूनिवर्सिटी के बाहर कॉलेज के लड़के जैसे करते हैं उसी तरीके की हरकत संसद के परिसर में नेता विपक्ष करते हैं और सोनिया गांधी एक शब्द नहीं बोलती। उन्होंने कहा कि इससे संसदीय परंपराओं की मर्यादा गिरती है और संसदीय परंपराओं को चोट लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य गांधी और जॉर्ज सोरस के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा कि सब यह जानना चाहते हैं कि गांधी का ऐसे व्यक्ति से क्या संबंध है जो व्यक्ति हमारे देश को अस्थिर करना चाहता है और मुसीबत में डालना चाहता है। वह व्यक्ति भारत की संप्रभुता पर प्रश्न खड़ा करता है।

### नड्डा आज रायपुर में

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज रायपुर आएंगे। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपक्ष्य में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर राज्य सरकार के कामकाजों की समीक्षा करेंगे।

## पूजा स्थल अधिनियम मामला लंबित रहने तक सर्वेक्षण का नहीं दिया जाएगा आदेश : सुप्रीम कोर्ट

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है, धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, जब मामला (पूजा स्थल अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित) इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है, तो अन्य लोगों के लिए इसमें हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। इस तथ्य के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। शीर्ष अदालत की नवगठित पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती...जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा...जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता। पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था। इस कानून का उद्देश्य 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करना था।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में अब तक सात नक्सली मारे गये हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस को सात नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी स्तर के बड़े नक्सली के मारे जाने की सूचना मिली है। गुरुवार तड़के तीन बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में मंगलवार को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) तथा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। एसपी प्रभात कुमार ने कहा है कि क्षेत्र में अभी भी तलाश अभियान जारी है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बहादुर जवानों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।

## संसदीय परंपरा को तोड़ रहे हैं सभापति : खरगे

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संसदीय परंपरा के निर्वहन में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दो पहियों की तरह काम करते हैं लेकिन सभापति मनमानी करते हुए सिर्फ सत्ता पक्ष की तरफदारी करते हैं और विपक्ष की नहीं सुनते। खरगे ने जारी बयान में कहा, लोकतंत्र हमेशा दो पहियों पर चलता है। एक पहिया है सत्तापक्ष और दूसरा विपक्ष। दोनों की जरूरत होती है। सांसदों के विचारों को तो देश तब ही सुनता है जब हाउस चलता है। सोलह मई 1952 को सभापति के रूप में राज्यसभा में पहले सभापति डॉ.राधाकृष्णन जी ने सांसदों से कहा था,'मैं किसी भी पार्टी से नहीं हूं और इसका मतलब है कि मैं सदन में हर पार्टी से हूँ। यह निष्पक्षता की परंपरा आपके कार्यकाल में पूरी तरह खंडित हो गयी। संसद प्रजातंत्र का पोषण घर है। संसद संसदीय मर्यादाओं का आईना है। संसद सत्ता की जबाबदेही निश्चित करने का स्थान है, जहाँ विपक्ष की आवाज़ का गला घोटना अब राज्यसभा में संसदीय प्रक्रिया का नियम बन गया है, जहाँ संसद की मर्यादाओं तथा नैतिकता आधारित परंपराओं का हनन अब राज्य सभा में दिनचर्या बन गई है, जहाँ प्रजातंत्र को कुचलने तथा सत्य को पराजित करने की कोशिश लगातार जारी है। संविधान के सिपाही तथा रक्षक के तौर पर हमारा निश्चय और ज़्यादा दृढ़ हो जाता है। हम न झुकेंगे, न दबेंगे, न रुकेंगे और संविधान, संसदीय मर्यादाओं तथा प्रजातंत्र की रक्षा के लिए हर कुर्बानी के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा, इन्ही ताकतों ने मुझे संसद में सच्चाई बयाँ करने से रोक कर रखा, मैं देश के लोगों के समक्ष 10 बिंदु रखूँगा जिनमें पहला यह है कि संसद में सदस्यों को अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है लेकिन सभापति महोदय विपक्ष को लगातार टोकते हैं।

### मुख्यमंत्री साय ने विवाह बंधन में बंधने वाले 102 नवदंपत्तियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 625 करोड़ रूपये की राशि से अधिक के विकासकार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



हमारी सरकार के कार्यकाल को 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूरे हो जायेंगे। इस अवसर को हम जनादेश परब के रूप में मना रहे हैं। हमने ''मोदी की गारंटी'' पर काम करते हुए शपथ लेने के दूसरे ही दिन मंत्रिमंडल में निर्णय लिया और प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति दी। हमने आवास से वंचित हमारे प्रदेश के 18 लाख परिवारों को आवास देने के लिए निर्णय लिया। आज भी आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया है। पीएम आवास के हितग्राहियों के पक्के मकान बन रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा के सीएसईबी पूर्व फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ऊर्जाधानी कोरबा में 625 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया है। यह एक बड़ी राशि है और इस राशि से जिले के विकास का और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले को डीएमएफ से बड़ी राशि प्राप्त होती है और इस राशि से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ अधोसंरचनात्मक विकास में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह के बंधन में बंधने वाले 102 नव दांपत्य जोड़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रहे हैं। 13 लाख से अधिक किसानों के दो साल का बकाया धान बोनस राशि 3716 करोड़ का भुगतान भी किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में सुशासन की दिशा में काम कर रही है और इसके लिए हम वचनबद्ध है। सरकार बनने के बाद पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच जारी है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। हमने प्रदेश में सुशासन देने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी समुदाय के लोगों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करने के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है।

## छत्तीसगढ़ में राईस मिल एसोसिएशन ने किया हड़ताल का ऐलान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राईस मिलर्स एसोसिएशन ने 20 दिसंबर तक हड़ताल पर जाने का एलान किया है। जानकारी अनुसार यदि 20 दिसंबर तक सकारात्मक हल नही निकला तो यह हड़ताल आगे भी निरंतर जारी रह सकती है। दरअसल जिन मसलों पर राज्य सरकार से गतिरोध है, उनमें धान ख़रीदी वर्ष 2022-23 का भुगतान और ट्रांसपोर्टिंग की दर का विषय है। मिलर्स एसोसिएशन का कहना है कि, वर्ष 2022-23 का एक हज़ार करोड़ से अधिक का भुगतान सरकार से लेना है, लेकिन सरकार उसे देने को लेकर चुप है। दूसरा अहम मसला ट्रांसपोर्टिंग का विषय है जिसमें केवल 14 रुपए की दर रखी गई है। एसोसिएशन इसे भयावह विसंगतिपूर्ण मानता है। सरकार और एसोसिएशन के बीच गतिरोध जो कि अब हड़ताल में परिवर्तित है, उस की प्रारंभिक मियाद 20 दिसंबर है। लेकिन इन आठ दिनों में राज्य के धान ख़रीदी केंद्रों में अंदाज़न दस लाख टन धान जाम हो सकता है। इसके साथ ही बारदाना ही किसानों को नहीं मिलेगा।

## राजनाथ ने पडोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहरायी

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'पड़ोसी पहले नीति' के अनुरूप पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के भारत के इरादे को दोहराया है। नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने नेपाल सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों तथा भंडार की आपूर्ति सहित रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। सिंह ने दोनों देशों के बीच बेहद मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर भी गहरा संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि करीबी पड़ोसी होने के नाते भारत और नेपाल आपसी चिंता के कई मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। उन्होंने 'पड़ोसी पहले नीति' के अनुरूप अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के भारत के इरादे को दोहराया। रक्षा मंत्री ने नेपाल के सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किए जाने पर बधाई दी। जनरल अशोक राज सिगडेल भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।


सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ शासन
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
samvad- 42399/60
श्री जगत प्रकाश नड्डा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# मोहन यादव सरकार का एक साल : राज्य में विकास के नए आयाम किए स्थापित

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य हर वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इस दौरान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी सरकार की त्वरित कार्यशैली की सराहना की। मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को राज्य के लिए गेम-चेंजर बताया। इस परियोजना के माध्यम से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 11 जिलों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। लगभग 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जाएगी। 10% राशि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश वहन करेंगे। शेष राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी। 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छतरपुर जिले में भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने हेलीकॉप्टर और हवाई पट्टी आधारित एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। पन्ना जिले के एक खनिज अधिकारी को तुरंत एयरलिफ्ट कर भोपाल पहुंचाना इसका एक हालिया उदाहरण है। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्रालयों का एकीकरण भी राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लाडली बहना योजनाः महिलाओं को 35% आरक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। रोजगार के अवसरः 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज शुरू किए गए। महिला छात्रों के लिए 1 में बस सेवा शुरू की गई। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए ढाई लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य। 309 किलोमीटर लंबी यह परियोजना लगभग 18,036 करोड़ की लागत से पूरी होगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए 4 घंटे की यात्रा समय की बचत होगी और व्यापार के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 2025 को 'उद्योग वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 24 फरवरी 2025 को आयोजित होगी। महिला उद्यमियों को 275 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

# सरकार ने तैयार किया युवा उद्यमियों के लिए सपोर्ट सिस्टम, अब स्टार्टअप की दिशा में कमाल करेंगे हमारे युवा : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाठागांव स्थित अंतर्राज्जीय बस स्टैंड में नवनिर्मित इनोवेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही जयस्तंभ चौक के मल्टीलेवल पार्किंग में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस, आरंभ का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने सेंटर फॉर इनोवेशन, ट्रेड एंड स्किलिंग की स्थापना, रायपुर जिले में 1000 सीटर को-वर्किंग स्पेस निर्माण और नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में एक-एक बॉक्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रूपए का निवेश करने और 15 हजार रोजगार सृजन करने की बात कहीं। इनोवेट के गेम जोन में मुख्यमंत्री साय एवं ओयो फाउंडर अग्रवाल ने टेबल टेनिस खेल में हाथ आजमाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने एवं रोजगार के नये अवसर पैदा करने, स्मार्ट सिटी का विचार क्रियान्वित किया। रायपुर को भी स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। राज्य सरकार स्मार्ट सिटी के अनुरूप सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए पहल कर रही हैं। साय ने कहा कि युवा उद्यमियों के दिमाग में उद्यम के बहुत से विचार हैं। वे अपना स्टार्टअप आरंभ करना चाहते हैं बस उन्हें थोड़ा सहयोग देने की आवश्यकता है फिर वे कमाल कर दिखाएंगे। सरकार युवाओं के लिए यही सपोर्ट सिस्टम तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन समेत रायपुर नगर निगम के कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए एक आफिस, फर्नीचर, एक अच्छा लोकेशन, कंप्यूटर, वाईफाई चाहिए, लेकिन इतने सब कुछ के लिए ही जो बजट लगता है वो बहुत से युवा उद्यमियों के बस की बात नहीं होती। को-वर्किंग एंड इनोवेशन सेंटर के रूप में यही आफिस स्पेस उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 48 लाख रुपए की लागत से जयस्तंभ चैक के मल्टीलेवल पार्किंग सेंटर में आरंभ स्टार्टअप को-वर्किंग सेंटर तथा एक करोड़ रुपए की लागत से अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में इनोवेशन सेंटर तैयार किया गया है। यहां स्टार्टअप उद्यमियों को काम करने के लिए आफिस मिल जाएगा। साथ ही प्राइवेट कैबिन होंगे, कंप्यूटर मिल जाएंगे और फर्नीचर उपलब्ध होगा, कैफेटेरिया होगा। प्रेजेंटेशन के लिए आडिटोरियम होगा। उन्हें केवल अपने आइडिया पर काम करना होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि को-वर्किंग सेंटर होगा तो अन्य स्टार्टअप कंपनियां भी यहां आपरेट करेंगी। इस तरह से एक तरह की सोच वाले उद्यमी एक ही स्थान पर काम करेंगे, इससे वे आपस में विचारों को साझा भी करेंगे, जिससे नवाचार का एक बेहतरीन वातावरण राजधानी में तैयार होगा। उन्होंने कहा कि रितेश अग्रवाल ने छोटी सी उम्र में बड़ा मुकाम हासिल किया। उनके पास एक विचार था कि लोग अच्छे सुविधाजनक होटल चाहते हैं।







# गौ पूजन एवं सोसायटी में किसानों का सम्मान कर मनाया जा रहा है सरकार का गठन का उत्सव

## राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे, विविध कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे है। इसी सिलसिले में पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में गौ पूजन का कार्यक्रम किया गया। ठीक उसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा विभिन्न सोसायटी में धान बेचने आएं किसानों का सम्मान किया गया। पशु पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार दिनांक 09 दिसंबर से गौपूजन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आरंभ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों में शिविर व पशु मेला का आयोजन कर गौमाता का पूजन करने के पश्चात पशुओं में टैगिंग/ बधियाकरण/ टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। पशुपालकों को गौ-उत्पाद जैसे-गौमूत्र, गौअर्क, इत्यादि के महत्व के बारे में बताया गया। विभागीय कार्य उपरान्त पशुपालक संगोष्ठी, गौसेवा करने वाले पशुपालकों का सम्मान किया जा रहा है। 9 दिसंबर को विकासखंड कसडोल के ग्राम चरौदा, 10 दिसंबर को बलौदाबाजार के ग्राम लटुवा,11 दिसंबर को भाटापारा के ग्राम पेण्डरी में गौपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी दिवसों में दिन 14 दिसंबर को पलारी के ग्राम कौंवाडीह, 15 दिसंबर सिमगा के ग्राम कुकराचुंदा सहित खुशी गौशाला पौंसरी, मां शाकम्भरी देवी सेवा संस्थान केशडबरी बलौदाबाजार में भी गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। इसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा आज सहकारी समिति कसडोल पंजीयन क्रमांक 1545 में किसानो को श्रीफल गुलाल लगा कर सम्मान किया गया। इसी तरह आज धान उपार्जन केंद्र लवन पं. क्र. 668 में किसानों को गुलाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। आदिवासी विभाग द्वारा सभी प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, कन्या बालक छात्रावास आश्रम एवं एकलव्य विद्यालय में 9 से 12 दिसंबर तक जनजाति वीरों पर आधारित कार्यक्रम, 13 से 14 दिसंबर तक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन, 15 से 16 दिसंबर क्विज, 17 से 18 दिसंबर बाद विवाद प्रतियोगिता एवं 19 से 20 दिसंबर पुरस्कार वितरण एवं समापन का आयोजन किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 20 दिसंबर के मध्य महतारी वंदन से लाभांवित हितगाहियों का सम्मान, आंगनबाड़ी केन्द्र में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन परियोजना एवं सेक्टर स्तरों में किया जाना है। परियोजना बलौदाबाजार, सोनाखान,13 को लवन, कसडोल 16 दिसंबर, पलारी, सिमगा एवं भाटापारा में 17 दिसंबर को ठीक इसी तरह सेक्टर में बलौदाबाजार, सोनाखान, लवन में 14 दिसंबर को एवं कसडोल,पलारी, सिमगा,भाटपारा में 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप जिला हॉस्पिटल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में जाएगा। जिसमें 13 को बलौदाबाजार,16 भाटापारा, कसडोल में 20 दिसंबर, पलारी 19 दिसंबर, सिमगा 17 दिसंबर इसी तरह मितानिन सम्मेलन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 को भाटापारा के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 19, कसडोल के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16, पलारी के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 एवं सिमगा के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 दिसंबर को आयोजित की जाएगा।

## निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल, भाजपा पार्षद विजय ने किया पूरे मामले का खुलासा



**धमतरी।** नगर निगम में पिछले 5 वर्ष में विभिन्न मदों से खरीदे गए सामानों पर बाजार दर से काफी गुना अधिक मूल्य पर खरीदी कर लाखों रुपए के भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी किए जाने का आरोप निगम के जिम्मेदार लोगों पर पार्षद विजय मोटवानी द्वारा लगाते हुए बताया गया कि 15वें वित्त की राशि में से गार्डन कुर्सी के नाम पर भर्राशाही की गई है जिस कुर्सी का मार्केट रेट प्रति नग 5700 रूपये बताया जा रहा है, उसे 17000 रूपए के दर से खरीदा गया। मोटवानी ने प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कहा है कि 22 जुलाई 2022 को 100 नग कुर्सी 17 लाख रुपए में, 31 अगस्त 2023 को 120 नग कुर्सी 20 लाख रुपए में, 15 मार्च 2024 को 120 नग कुर्सी 20 लाख रुपए में, इस प्रकार कुल 340 नग 57 लाख रुपए में कुर्सी खरीदना बताया जा रहा है। जबकि पूरे शहर में 340 नग कुर्सी कहीं भी नहीं दिखती। मात्र 100 नग को रोटेशन में सप्लाई किया जाना बताया जा रहा है। उन्हीं कुर्सी को फिर से दर्शाते हुए लाखों रुपए गबन कर लिए गए हैं। वर्तमान में भी 15 लाख की कुर्सी का 90 नग की अनुशंसा किया गया है। इस प्रकार आपराधिक षड़यंत्र करते हुए निगम को आर्थिक रूप से क्षति पहुंचाई गई है जिसमें कई लोग शामिल हैं। मोटवानी ने आगे कहा कि निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला जा रहा है जिसके तहत गार्डन कुर्सी, ई रिक्शा, स्ट्रीट लाईट, कचरा ठेला, जेसीबी जैसी वस्तुओं की खरीदी में नियम कानून की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मोटवानी ने आगे कहा कि स्वच्छता मिशन के तहत ई रिक्शा की खरीदी की गई है जबकि निगम में मामूली मरम्मत पर पूर्व के ई रिक्शा को चलाया जा सकता था।

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान: स्कूली छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना अनुसार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद की परियोजना समन्वयक राजेश्वरी साव द्वारा उपस्थित स्कूली छात्र/छात्राओं को चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्पॉन्सर शिप योजना के बारे में उपस्थित गांव की महिलाओं व गांव गांव के नागरिको को विस्तार से जानकारी दिया गया तथा पोषण आहार के बारे में बताया गया। तत्पश्चात खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक के द्वारा हाड़ाबंद के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र/छात्राओं को बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया था। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी रोकथाम हेतु जिले में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जाएगा। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका क्रमांक डब्लू पीपीआईएल 11, 2013 में पारित आदेश 15.12.2021 में प्रदत्त आदेशानुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देषों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल का अंडर ट्रायल रिव्यु कमेंटी महासमुंद द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, सदस्य कलेक्टर प्रतिनिधी के रूप में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सदस्य सदस्य पुलिस अधिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, कमेटी सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा और जिला जेल के जेल अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित थें। अंडर ट्रायल रिव्यु कमेटी द्वारा जिला जेल के अधोसंरचनाओं का गहनता से जायजा लिया। इसके अलावा बंदियों की आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं उनके गुणवत्ता, जेल परिसरों की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, मनोरंजन के साधनों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा अभिरक्षाधीन बंदियों को दिए जाने वाली विधिक सहायता के बारे में बंदियों से चर्चा की गई तथा उनके प्रकरणों में पैरवी के लिए अपने निजी अधिवक्ताओं तथा प्राधिकरण द्वारा स्थापित एलएडीसीएस द्वारा क्रिमीनल प्रकरणों में दिए जाने वाले विधिक सहायता के बारे में जानकारी ली। अंडर ट्रायल कमेटी के सदस्यों द्वारा निरीक्षण उपरांत उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार स्टेट्स रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

## 3100 सौ रुपिया प्रति किवंटल नहीं दिया जा रहा है, मोदी की गारंटी फेल धान का उठाव न होना गंभीर षड्यंत्र : सुशील शर्मा

### धान खरीदी की व्यवस्था में सरकार फेल

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आने निर्धारित दौरे में निकले प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर अरुण यादव, ग्रामीण अमर मांडवी ने भाटापारा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र धुर्राबंधा, मोपका, धनेली, केशला, करही बाजार, पाटन, खैरा, बिटकुली, निपनिया, सिंगारपुर, लेवई खरीदी केन्द्रों में जाकर किसानो के साथ चर्चा कर धान की तौलाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत कांग्रेस नेताओ ने कहा की धान खरीदी की व्यवस्था में सरकार पूरी तरह फेल हो रही है केन्द्रों से अभी तक धान का उठाव नहीं होना बड़ा धान घोटाला कराने गंभीर षड्यंत्र प्रतीत हो रहा है,अभी भी किसान आक्रोशित दिखाई दे रहे है क्योंकि अनेक किसानो को टोकन नहीं मिला है,साथ ही अनेक किसानो का पंजीयन भी नहीं हुवा है यदि हुवा है तो कम का किया गया है, पंजीयन के लिए सत्यापन कराने किसान पटवारी का चक्कर लगा रहे है येसा लगता है की सरकार किसानो से धान कम मात्रा में खरीदना चाहती है सरकार की नियत में खोट दिखाई दे रही है,मोदी सरकार की गारंटी फेल क्योंकि प्रति किवंटल धान की खरीदी 3100 सौ रूपिया में करने की वादा करने वाली साय सरकार 2320 रुपया में ले रही है ये सरकार का किसानो के साथ बहुत बड़ा वादा खिलाफी है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारों किवंतल धान खरीदी केंद्रों में खुल्ले में पड़ा हुवा है जिसका उठाव परिवहन कर्ता और राइस मिलर्स के द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण खरीदी केन्द्रों में धान जाम होते जा रहा है वर्तमान में धान खरीदी पूरी तरह प्रभावित हो रही है, आने वाले दिनों में जगह की कमी के कारण धान खरीदी बंद होने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है। तीन दिन के अंदर यदि राज्य सरकार जिले के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव प्रारंभ नहीं कराती तो कांग्रेस पार्टी धान खरीदी केंद्रों में किसानो के साथ बड़ा आंदोलन कर कलेक्टर का घेराव करने से पीछे नहीं हटेगी यह घेराव जिले इस्तर पर सभी किसान मिलकर करने को बाध्य होंगे इसलिये प्रशासन तत्काल संज्ञान में लेवे। निपनिया धान खरीदी केंद्र मे आफिस भवन की व्यस्था तत्काल होना चाहिये।

## राज्य वीरता पुरूस्कार 2024 के लिए 2 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरूस्कार 2024 हेतु अंतिम तिथि 02 जनवरी 2025 तक आवेदन जमा कर सकते है। आपात् परिस्थितियों में बालको की सूझ-बुझ एवं सामंजस्य कौशल को प्रोत्साहित किए जाने की मंशा से प्रतिवर्ष शासन द्वारा दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरूस्कार के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में 05 बालक/ बालिकाओं को 25 हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बालको को सम्मानित किया जायेगा है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 से सायं 05.30 बजे तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई पुराना कलेक्टोरेट परिसर बलौदाबाजार मे संपर्क कर सकते है।

## पूर्णिमा चतुरमुथा का निधन



**धमतरी।** पूर्णिमा चतुरमुथा मीनू धर्मपत्नी शशिकांत चतुरमुथा धमतरी निवासी का निधन 12 दिसंबर गुरुवार को प्रातः हो गया है। अंतिम यात्रा इसी दिन सुबह 10.30 बजे निवास स्थान अरिहंत अपार्टमेंट अमापारा धमतरी से निकाली गई।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 28 दिसम्बर को ग्राम सिंगपुर में

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार आमजनों के मांगए समस्या और शिकायतों के निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 28 दिसम्बर को साल का आखिरी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम सिंगपुर में किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लोगों की मांग, समस्या और शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन से मिला गांजा, केरेगांव पुलिस ने की जप्ती कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना केरेगांव को 11 दिसंबर को यह सूचना मिली कि ग्राम माड़मसिल्ली सियारीनाला पुलिया के पास एक वाहन एक्सीडेंट होकर पलट गया है जिसकी सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिया के नीचे एक वाहन महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूवी 500 क्रमांक एचआर 26 बीयू 9823 गिरा पड़ा था जिसके पास एक व्यक्ति खड़ा था। इससे नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रदीप कुमार पिता सुभाषचन्द्र उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कानो थाना अग्रोहा जिला हिसार हरियाणा का रहने वाला बताया जिसके बाद एक्सीडेंट हुये वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 04 पैकेट गांजा मिला। आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि और गांजा का पैकेट नाला में झाड़ियों के बीच में छुपा कर रखा हूँ जिसके बाद झाड़ी के पास जाकर तलाशी लिया गया जहां 63 पैकेट गांजा मिला जिसकी कुल 67 पैकेट गांजा का वजन 349.120 किलो ग्राम कीमत 34,91,200 रूपये को जप्त कर थाना केरेगांव द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर अप.क्र. 74/24 धारा 20 बीएनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी केरेगांव प्रदीप सिंह, प्रधान आरक्षक डिकेश कुमार सिन्हा, हेमराज ध्रुव, आरक्षक शक्ति सोरी, गणेश नेताम, जितेन्द्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा है।

## जिले में अब तक 182 उपार्जन केंद्रों में 64029 किसानों से 325283.84 टन धान खरीदा गया

**महासमुंद।** राज्य शासन के मंशानुरूप, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी अभियान जोर-शोर से चल रहा है। यह अभियान किसानों को उनके धान को समर्थन मूल्य पर बेचने की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदने की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का कार्य कर रहा है। नोडल अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में 11 दिसम्बर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 64,029 किसानों से 3,25,283.84 टन धान खरीदी गई है। इसके बदले में किसानों को 748 करोड़ 15 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। इसके साथ उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में अब तक एक करोड़ 39 लाख 93 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हो चुका है। इसमें 75 लाख 59 हजार 258 नया बारदाना, 45 लाख 91 हजार 307 बारदाना मिलरों से प्राप्त हुआ है, जबकि 15 लाख 31 हजार 50 बारदाना पीडीएस से प्राप्त हुआ है। किसानों से भी 3 लाख 11 हजार 570 बारदाना प्राप्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 86 लाख 33 हजार 686 बारदाने का उपयोग किया गया है।

## पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत इस वर्ष कुल 1003 गुम इंसानों को ढूंढ निकाला

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आपरेशन विश्वास के तहत जिले में इस वर्ष 01 जनवरी से 11 दिसंबर तक गुम इंसानों की खोजबीन के लिए पूरे माह विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें नोडल अधिकारी एसडीओपी कसडोल कौशल किशोर वासनिक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी को गुम इंसानों की खोजबीन के लिए पृथक-पृथक टास्क देकर गुम इंसानों के मिलने की हर संभावित जगह, इनपुट आदि का संधारण कर तत्काल खोजबीन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान गुम इंसानों के परिजनों, स्कूल मित्रों आदि से पूछताछ पर मिली जानकारी एवं सायबर सेल की टेक्निकल टीम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीमों को गुम इंसानों की खोजबीन के लिए रवाना किया गया। इसके साथ ही पुलिस कार्यालय से मुख्यालय स्तर पर भी एक टीम का निर्माण किया गया, जिसे गुम इंसान के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर संबंधित स्थान के लिए तत्काल रवाना किया जाता था, जिससे गुम इंसान के मिलने की संभावना प्रबल हो जाती थी। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरहदी राज्यों आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना आदि राज्यों से गुम इंसानों को बरामद किया गया है। साथ ही आसपास के जिलों जैसे महासमुंद, रायपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, धमतरी, बेमेतरा आदि से भी गुम इंसानों को बरामद किया गया है। संपूर्ण अभियान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा कुल 1003 गुम इंसानों को बरामद करने में सफलता मिली है। इन गुम इंसानों में कुल 254 नाबालिक बालक/बालिका भी शामिल है।

## छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 17 दिसम्बर को करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

**धमतरी।** छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक आगामी 17 दिसम्बर को धमतरी जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित इस सुनवाई में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

## प्लेसमेंट कैम्प 19 दिसम्बर को

**धमतरी।** धमतरी द्वारा 19 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम चार बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 321 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि दसवीं, बारहवीं और स्नातक उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं। आवेदकों को शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होने कहा गया है।

# स्थानांतरित हुए खाद्य निरीक्षक की आखिरकार 9 माह बाद हुई जिले से विदाई

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

पायनियर
खबर का असर


शासन के स्थानांतरण आदेश को खाद्य अधिकारी की खुली चुनौती
आदेश के 9 माह बाद भी नहीं कर रहे रिलीव

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश का स्थानीय अधिकारी किस तरह पालन करते हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण खाद्य विभाग से दिया जा सकता है जिन्होंने उक्त वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के तहत 9 माह पूर्व स्थानांतरित हुए खाद्य निरीक्षक नरेश पिपरे को लगभग 9 माह बाद रिलीफ किया। इस खबर को पॉयनियर के द्वारा 5 दिसंबर का शासन के स्थानांतरण आदेश को खाद्य अधिकारी की खुली चुनौती आदेश के 9 माह बाद भी नहीं कर रहे रिलीफ शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। पॉयनियर की खबर का यह असर रहा कि स्थानांतरित हुए खाद्य निरीक्षक की जिले से 9 माह बाद विदाई करनी पड़ी। इसी तरह शासन एवं उसके वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों को स्थानीय अधिकारी दबाकर रखे हुए हैं जिसकी यदि जांच की जाती है तो ऐसे अनेक पत्र रद्दी की टोकरी प्राप्त होंगे।

शासन के उक्त विभाग द्वारा प्रदेश के तमाम स्थानांतरित अधिकारी, कर्मचारियों को 7 दिवस के भीतर नई पदस्थापना में जाने का निर्देष दिया गया है। इसकी प्रति समस्त विभागों के साथ साथ जिला कलेक्टरों को भी प्रेषित की गई है। धमतरी जिले में इस पत्र की प्राप्ति होने के बाद 9 माह पूर्व ही रिलिफ कर दिया जाना चाहिये था। लेकिन खाद्य अधिकारी द्वारा इस पत्र का पालन नहीं किया गया है और रिलीफ नहीं किया गया जिसके लिये ये पूरी तरह जवाबदार हैं। खाद्य अधिकारी धमतरी जिले में लगभग 16 साल से पदस्थ हैं। इनकी पदस्थापना शासन द्वारा खाद्य निरीक्षक के रूप में की गई थी और प्रमोशन के आधार पर वे अब खाद्य अधिकारी के पद पर यहां पदस्थ हैं जिनके द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त आदेश को क्यों पालन नहीं किया गया, इसका जवाब तो वे ही दे सकते हैं परंतु उनके ऊपर भी एक वरिष्ठ अधिकारी पदस्थ हैं। उन्हें भी सामान्य प्रशासन विभाग जैसे वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों का परिपालन हेतु तत्कालिक कदम उठाना चाहिये था। लेकिन उन्होंने भी इसका पालन कराने में घोर लापरवाही बरती। खबर तो यह भी है कि जिला कलेक्टोरेट में ऐसे अनेक पत्र धूल खाते पड़े हुए हैं। यहां तक जिलेवासियों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें की गई है। आवक जावक में भी कई आवेदकों द्वारा शिकायत की गई। लेकिन उन शिकायतों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किये जाने से शासन की छवि धूमिल हो रही है। बताया जाता है कि एक ओर जिले के जिम्मेदार अधिकारी अपने वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों पर तत्कालिक कार्यवाही न करते हुए उसे जान बूझकर लंबित रखे रहते हैं जिसके कारण समस्याओं, शिकायतों का त्वरित निराकरण नहीं हो पा रहा है। अनेक ऐसी शिकायतें हैं जो कलेक्टोरेट में धूल खाती पड़ी हुई हैं। इसी तरह संविदा प्राप्त रीडर को संविदा समाप्त होने के बाद भी बिना किसी अनुमति के उसे गोपनीय कार्य करवाया जाता रहा। इस समाचार को भी पॉयनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसका असर यह रहा कि समाचार प्रकाशन के बाद उक्त रीडर को आनन फानन में दो दिवस के भीतर चार्ज देने का आदेश किया गया। पिछले 10 माह से ऐसे पत्रों को जान बूझकर लंबित किये जाने की प्रक्रिया चलाई जा रही है और उसके माध्यम से अनेक ऐसे हितार्थ कार्य करवाये जा रहे हैं। प्रशासन के रवैये को लेकर स्वयं अधिकारी, कर्मचारियों में भी रोष देखा जा रहा है जिनके द्वारा नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया गया कि रोजाना बैठक एवं समय बे समय अवकाश के दिनों में भी उनसे अत्यधिक कार्य लिया जाता है जिसके कारण उनका निजी काम भी प्रभावित हो रहा है। यही नहीं जिले में अधिकारियों का यह हाल है कि अब कलेक्टर की जांच अब अपर कलेक्टर कर रहे हैं जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में अधिकारीराज कितना हावी है। जल जगार जैसे कार्यक्रमों में उन्हें कोल्हू के बैल की तरह उनका उपयोग किया गया। इस प्रकार के कार्यवाही से एक ओर जिलेवासियों में नाराजगी है वहीं दूसरी ओर शासन के अंग माने जाने वाले कुछ शासकीय अधिकारी,कर्मचारियों में भी रोष देखा जा रहा है। जिले में जल जगार के नाम पर चंदाखोरी की शिकायतें और अधिकारियों से भी वसूली की चर्चा प्रदेश तक गुंजित रही। लेकिन आज इस जल संरक्षण की दिशा में कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं हो पा रही है और जल जगार का फीवर अब शांत होता नजर आ रहा है जिसमें स्थानीय लोगों की उपेक्षा कर बाहर के लोगों को खूब लाभान्वित किया गया है।

## विधायक इन्द्र साव ने एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए जनता के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com




ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायकी कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप और भी विकास कार्य देखने को मिलेगा।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक चैतराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राकेश वैष्णव, मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज जो स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा हैं वह आपके द्वारा दिया गया सहयोग एवं आशीर्वाद है जिसके लिए मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे लिए आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए अब सिर्फ4 वर्ष रह गए इन एक वर्षों में हमने विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यों के लिए पहल की है जिसमें भाटापारा शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने, सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के तालाबों का सौंदर्यकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां, सिमगा अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, हाय मास्त लाइट और नए खुल रहे उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्धता, अवैध शराब बिक्री की रोक हेतु आंदोलन जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपके सहयोग से ही हम कर पाए हैं उन्होंने कहा कि जब से मुझे विधायक के रूप में आपने जिम्मेदारी सौंपी है तब से लेकर अब तक निरंतर आपके बीच रहने का,दुख सुख में शामिल होने का क्षेत्र की जनता के तकलीफ परेशानियों के निराकरण के लिए प्रयासरत रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आने वाले वर्षों में भी आपके बीच रहूंगा तथा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी पहली प्राथमिकता है।

# छत्तीसगढ़ हाईकर्स पहुंचे मनाली कर रहे प्राकृतिक अध्ययन

## हाईकर्स कर रहे प्राकृतिक अध्ययन : डॉ. सोमनाथ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ का हाईक मनाली में किया जा रहा जो राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आदेशानुसार राज्य सचिव कैलाश सोनी व राज्य संगठन आयुक्त (एसओसी) स्काउट विजय यादव के मार्गदर्शन एवं हाईक प्रभारी शांतनु कुर्रे के नेतृत्व में यह संचालित हो रही है। जिसमें सभी जिलों के सक्रिय स्काउटर गाइडर शामिल होकर विभिन्न स्थलों का बारीकी से अवलोकन कर रहे हैं। बता दें कि विद्यालयीन स्काउट गाइड के लिए वर्ष में अनेक एडवेंचर गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिनको विद्यालय में स्काउटर गाइडर के द्वारा स्काउटिंग गतिविधियां सिखाई जाती है। स्काउट गाइड को पूर्ण रूप से मार्गदर्शन देने व आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के द्वारा राज्य के स्काउटर गाइडर का हाईक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है इसी तारतम्य में इस वर्ष मनाली हाईक का आयोजन किया गया है जहां हाईकर्स मनाली पहुँचकर कैम्प ऑनर देवराज व एडवेंचर मार्गदर्शक सूरज के द्वारा हाईकर्स को सबसे पहले मनाली कुलदेवी माता हिडिम्बा का दर्शन कराया जहां उनकी प्राचीन विशेषताओं की जानकारी दी साथ ही घटोचक, वशिष्ट मुनि मंदिर दर्शन, गर्म पानी स्त्रोत व्यास कुंड का अवलोकन कराया गया। आगे हाईकर्स ने मनाली मॉल रोड में विभिन्न प्राकृतिक व भौतिक वस्तुओं के बारे में जाना। हाईक के द्वितीय दिवस में राज्य सचिव कैलाश सोनी ने हाईकर्स को बर्फीली जगह शिशुवली, अटल टनल, रोहतांग ले गए जहां वहां के न्यूनतम तापमान पर बर्फ जमने की स्थितियों के बारे में बताया गया जिससे स्काउटर गाइडर शैक्षिक रूप से और समृद्ध हुए साथ ही अपने अंदर साहस पैदा करने सैकड़ों फीट ऊपर जीपलाईन, पैराग्लाइडिंग व 10 किलोमीटर रिवर राफ्टिंग जैसे साहसिक गतिविधियों को करा हाईक का अनुभव कराया गया। भारत स्काउट गाइड मीडिया प्रभारी मीना भारद्वाज व कृष्ण कुमार ध्रुव ने जानकारी दी कि हाइकिंग के माध्यम से राज्य भर के स्काउटर गाइडर विभिन्न गतिविधियों के बारीकियों को स्थल में करके सीख

### हाईकर्स कर रहे प्राकृतिक अध्ययन : डॉ. सोमनाथ

भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि हाईक का उद्देश्य है प्राकृतिक स्थलों की जानकारी प्राप्त कर छात्रों को परोसना। आगे यादव ने बताया स्काउटर गाइडर हाईक में नियमों का पालन करते हुए संध्या समय में शिविर ज्वाल के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों करते हैं जिससे उनके अंदर सांस्कृतिक गुणों का विकास होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सचिव कैलाश सोनी, एसओसी स्काउट विजय यादव, विशिष्ट अतिथि एसओसी गाइड जरमिना एक्का अध्यक्षता हाईक प्रभारी शांतनु कुर्रे ने किया।

# बेरला-भिभौरी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर गहन बैठक

## योगेश तिवारी ने चुनाव प्रभारी भरत वर्मा का किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत बेरला स्थित रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य भिभौरी मंडल और बेरला मंडल के अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए विचार-विमर्श करना था। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं बेमेतरा चुनाव प्रभारी भरत वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्य म में भाजपा किसान नेता और सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा का भव्य स्वागत किया। तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बल हमेशा जमीनी कार्यकर्ताओं पर टिका है और संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। योगेश तिवारी ने बैठक में अपने संबोधन के दौरान कहा, मंडल और ज़िला अध्यक्ष पद पर ऐसे कार्यकर्ताओं को मौका मिलना चाहिए, जिन्होंने पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए कार्य किया हो। ऐसे नेता जो सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हों और जिन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को मजबूती दी हो, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाएंगे जिन्होंने पार्टी के झंडे को मजबूती से उठाया है और हर चुनाव में निष्ठा के साथ कार्य किया है। ऐसे कार्यकर्ता, जो पार्टी के सिद्धांतों के प्रति समर्पित हैं और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं, उन्हें ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना और आगामी निगम पंचायत के चुनावों की तैयारियों को और बेहतर बनाना था। भरत वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहमति और सामंजस्य बनाए रखने का आग्रह किया, ताकि पार्टी में एकजुटता बनी रहे और हर स्तर पर बेहतर नेतृत्व तैयार किया जा सके। इस बैठक में भाजपा के ज़िलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी बेमेतरा विधायक दीपेश साहु पूर्व विधायक अवधेश चंदेल राजेन्द्र शर्मा नरेन्द्र वर्मा सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भिभौरी मंडल और बेरला मंडल के नेता, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की प्रतिनिधि, और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि मंडल और ज़िला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। हर चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत हो सकें।

# बस्तर-कोण्डागांव नक्सल मुक्त, साय सरकार की सबसे बड़ी सफलता : पुरंदर मिश्रा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर बधाईयां और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास का विष्णु–मंत्र सफल और सार्थक रहा है। इसकी गवाह लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मिली भाजपा की जीत है। मिश्रा ने कहा कि विष्णु देव साय देश के जनजातीय गौरव हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी थी तो सरकार का खजाना खाली था एवं जनता के मन में अविश्वास और गुस्से का वातावरण था लेकिन साय की कुशल नीतियां और प्रबंधन के बलबूते हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा कर दिखाया। 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये, 13 लाख किसानों को 3,716 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान, 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, बस्तर और कोण्डागांव में नक्सलवाद का खात्मा, पीएससी भ्रष्टाचार के दोषियों को जेल भेजना, 9000 से अधिक रिक्त पदों पर सरकारी भर्ती करना और 10 लाख से अधिक प्रधानमंत्री सरकारी आवास निर्माण की शुरूआत करना, साय सरकार की उपलब्धियां हैं।

# काइनेटिक ग्रीन ने डिजिटल एवं कनेक्टेड डिस्प्ले प्लेटफॉर्म्स तथा एनालिटिक्स को लॉन्च करने के लिये जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड, भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी, ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ एक नई और महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। जियोथिंग्स, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी और रिलायंस ग्रुप का हिस्सा है। यह सहयोग टिकाऊ परिवहन के समाधान को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों में यूजर अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस भागीदारी के तहत, काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर प्लेटफॉर्म्स के लिए स्मार्ट टीएफटी-बेस्ड डिजिटल और कनेक्टेड डिस्प्ले प्लेटफॉर्म पेश किया है। यह प्लेटफॉर्म न केवल राइडिंग अनुभव को पूरी तरह से बदलने के लिए तैयार है, बल्कि इसमें एडवांस फीचर्स भी शामिल हैं, जैसेःरियल-टाइम नेविगेशन, जिससे राइडर्स हर समय सही रास्ते पर रहें, इनकमिंग कॉल नोटिफिकेशन, जिससे महत्वपूर्ण कॉल्स मिस न हों और नजदीकी चार्जिंग स्टेशन्स की जानकारी, जिससे वाहन चार्जिंग से जुड़ी किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। यह स्मार्ट डिस्प्ले न केवल उपयोग में आसान है, बल्कि इसे खास तौर पर आधुनिक यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। चाहे शहर की भीड़-भाड़ हो या लंबे सफर की योजना, यह नई तकनीक राइडर्स को हमेशा कनेक्टेड और अपडेटेड रखेगी, जिससे सफर का हर पल सहज और मजेदार बनेगा। इस साझेदारी के तहत, काइनेटिक ग्रीन ने ऐसे स्मार्ट फीचर्स पेश किए हैं जो यूजर्स को वाहन के साथ जुड़े रहने और उसकी बेहतर निगरानी का अनुभव देते हैं। इन फीचर्स में बिल्ट-इन ब्लूटूथ और टेलीमैटिक्स-सक्षम डिवाइस शामिल हैं, जो कनेक्टिविटी को बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित करते हैं। राइडर्स अब अपने स्मार्टफोन्स के माध्यम से वाहन की अहम जानकारियों को आसानी से देख और प्रबंधित कर सकते हैं।

# सैमसंग ने भारत में कॉर्पोरेट यूजर्स के लिए एंटरप्राइज एडिशन गैलेक्सी एस-24 अल्ट्रा और गैलेक्सी S24 स्मार्टफोन लॉन्च किए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 के एंटरप्राइज एडिशन को लॉन्च किया है। इन डिवाइसों में व्यवसायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत फीचर्स दिए गए हैं। इनमें लाइव ट्रांसलेशन, इंटरप्रेटर, नोट असिस्ट और गूगल के साथ सर्च जैसे गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। साथ ही, डिवाइस डिफेंस-ग्रेड सुरक्षा, लंबे समय तक टिकने वाले प्रोडक्ट लाइफ साइकल और बेहतर सपोर्ट प्रदान करते हैं। यह लॉन्च हाल ही में सफल हुए सैमसंग एक्सकवर स्मार्टफोन के बाद किया गया है। आज के समय में, बड़ी और अलग-अलग टीमों को प्रबंधित करने वाले व्यवसायों के लिए एंटरप्राइज एडिशन डिवाइस एक वरदान साबित हो रहे हैं। ये डिवाइस संगठनों में मोबाइल तकनीक को आसानी से कॉन्फिगर, अपडेट, तैनात और ऑपरेट करने में मदद करते हैं। यह व्यवसायों को सुरक्षित और विश्वसनीय तकनीक से जुड़े रहने की गारंटी देता है, ताकि उनकी टीमें बिना किसी बाधा के लगातार काम करती रहें। सैमसंग इंडिया के एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा, गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 का एंटरप्राइज एडिशन भारत के तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये डिवाइस डेटा की सुरक्षा, दीर्घकालिक सपोर्ट और तेज तैनाती सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही, ये उद्यमों को बेहतर नियंत्रण, विश्वास और टेक्नोलॉजी का सुरक्षित उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं।

# आरइएस एसडीओ को हटाने सरपंच संघ ने किया प्रदर्शन



**भानुप्रतापपुर।** आरइएस विभाग के एसडीओ दानेस्वर देवांगन के खिलाफ पैसा मांगे जाने का आरोप लगाते हुए हटाने की मांग को लेकर भानुप्रतापपुर के सरपंच संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। एक सप्ताह बाद किसी प्रकार के कोई कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार को सरपंच संघ और जनपद पंचायत सदस्यों ने जनपद के सामने सांकेतिक प्रदर्शन कर तत्काल एसडीओ को हटाने की मांग रखी। इसके बाद फोन के माध्यम से एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाईक जाएगी। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कया गया।

# रियल इंडिया को जोड़ते हुए स्टार एयर ने रायपुर से झारसुगुड़ा लखनऊ और हैदराबाद के लिए नई उड़ानों की घोषणा की




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में एविएशन इंडस्ट्री को बढ़ावा देने और हर नागरिक के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने रीजनल कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) उड़ान योजना शुरू की है। इसी योजना को समर्थन देते हुए संजय घोडावत ग्रुप की एविएशन शाखा स्टार एयर ने रायपुर (आरपीआर) को एक नए डेस्टिनेशन के रूप में जोड़ा है। 1 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली इस सेवा में रायपुर को झारसुगुड़ा (जेआरजी), लखनऊ (एलकेओ) और हैदराबाद (एचव्हायडी) से जोड़ा जाएगा। इस नई सेवा के साथ, स्टार एयर ने अब कुल 24 शहरों तक अपनी पहुंच बना ली है, जो रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ाने और यात्रियों के लिए हवाई यात्रा को और अधिक सुलभ, सुविधाजनक और किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्टार एयर ने हाल ही में टियर-2 और टियर-3 शहरों तक लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। अगले तीन वर्षों में कंपनी अपने पोर्टफोलियो में 25 एयरक्राफ्ट जोड़ने का लक्ष्य रखती है। यह विस्तार, भारत के अनछुए क्षेत्रों तक हवाई यात्रा की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्टार एयर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान में, एयरलाइन के पास 9 एयरक्राफ्ट है, जिसमें 4 एम्ब्रेयर ई175 और 5 एम्ब्रेयर ई 145 एयरक्राफ्ट शामिल हैं।

# वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां से भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण छत्तीसगढ़, रायपुर चेप्टर द्वारा राष्ट्र की बाहरी एवं आंतरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां जैसे धोखाधड़ी, फेक न्यूज़, गलत सूचना और साइबर बुलिंग से भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा तथा सामान्य नागरिक एवं छात्र छात्राओं खासकर युवाओ को पड़ने वाले प्रभाव। इस तरह के खतरों से सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच रायपुर चेप्टर द्वारा राष्ट्रीय पहल पर 14 दिसंबर शनिवार को पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के सभागार में सुबह 10.00 बजे से साइबर जागरूकता एवं साइबर युद्ध अभियान पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, विशिष्ट अतिथि विक्रमादित्य सिंह राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री तथा डॉ वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच। मुख्य वक्ता आर के विज, पूर्व पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ तथा आलोक विजयंत पूर्व निर्देशक एन आर टी ओ का व्याख्यान होगा। आयोजन समिति से तौकीर रजा, अध्यक्ष, डॉ एन पी यादव संरक्षक, डॉ भूपेंद्र साहू एवं रितेंद्र नायक, महामंत्री, रेखा शर्मा, सुनिता पाठक, अन्नपूर्णा शर्मा, तोरण ठाकुर, सृष्टि मारकंडे, सौरभ कोतु, किशन सोनी, होरीलाल साहु, कैलाश शर्मा इत्यादि, रायपुर चेप्टर छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं के साथ-ही-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में नगर पालिका का हुआ घेराव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्लेसमेंट कर्मचारी, नियमित कर्मचारी, स्वच्छता दीदीया अनिश्चित कालीन धरने पर है जिसके कारण शहर मे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, पेयजल की समस्या हो गई है। महतारी वंदन योजना मे शहर के हजारों महिलाओं को वंचित रखा गया है जिसके विरोध मे शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के अगुवाई मे नगर पालिका बेमेतरा का घेराव किया गया बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता रैली की शक्ल मे सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर पालिका पहुंचे पर सूचना देने के बाद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की अनुपस्थिति से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क उड़े और अधिकारी को बुलाने की मांग पर पालिका कार्यालय के गेट मे ही धरने पर बैठ गए। काफी देर के हंगामे के बाद तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौप कर जल्द ही सफाई, पेयजल व्यवस्था दुरस्त करने तथा महतारी वंदन योजना मे छूटे हुए परिवार को योजना का लाभ देने की मांग की गई। प्रदर्शन मे आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, प्रणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, जोगेंद्र छाबड़ा, रीता पांडेय, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, अखिलेश नामदेव, राम ठाकुर, राजू साहू, धरम वर्मा, रानी सेन, जया साहू, हितेंद्र साहू, शत्रुहन साहू, जनता साहू, हरीश साहू, दयासिंग वर्मा, प्रांजल तिवारी, अजय सेन, देवशरण गोस्वामी, कुमार वर्मा, लक्ष्मी डेहरे,नारायण छाबड़ा, रेवेन्द्र देवांगन, शंकर चौहान, रवि रजक, रुबी सलूजा, मीना साहू , हेमिन यादव, लक्ष्मी साहू, सीताराम यदु, बलवंत साहू, देवा गर्ग, गोलू साहू, मोहन वर्मा, गुमेस चौहन, विकाश चौबे, कैलाश साहू, ऋतिक तिवारी, वीरेंद्र साहू, निक्की चौहान, राम संजीवन, राजू वर्मा, दिनेश साहू, ओमप्रकाश यादव, यासिफ खान, राहुल जोशी, धीराजी साहू, बिशेषर वर्मा, शिव वर्मा, लवसिंग वर्मा, उत्तम वर्मा, कोदू साहू, लखन वर्मा, अजय यादव, राजू वर्मा, दल वर्मा, विनय साहू, शेखर साहू, मनीष वर्मा, पंकज वर्मा, दुर्गा वर्मा, बनवारी वर्मा, सरस्वती साहू, जलेश्वरी साहू, संतोषी साहू, भगवती साहू, पार्वती साहू, हेमलता साहू, रेवती साहू, दूरपति साहू, बुध्यारीन निशाद, झुनिया वर्मा, रामबाई वर्मा, सोमेसवरी वर्मा, दसमत वर्मा, तीजन साहू, सुमन वर्मा, पुन्या वर्मा सुशीला वर्मा, अश्वनी वर्मा, गायत्री वर्मा, गणेशिया वर्मा, भानमती वर्मा, सीमा ध्रुव, कुमारी चौहान, बेदिन निषाद, नीलू निषाद, पुष्पा निषाद, देवकी ध्रुव सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे। आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा ने कहा कि भाजपा की सरकार की ढुलमुल रवैया के कारण आज निकाय के कर्मचारी पिछले 10 दिनो से हड़ताल मे है जिसके कारण शहर मे साफ सफाई ,पेयजल जैसे मूलभूत काम ठप्प पड़ गए है। सरकार मे बैठे लोग और अधिकारियों को आम जनता को हो रही समस्यायों से कोई लेना देना नही है। नगर पालिका के अधिकारी भाजपा एजेंट की भूमिका मे कार्य कर रहे है, किसी भी सूरत मे शहर वासियों की मूलभूत सुविधाओं मे दिक्क त हुई, पालिका की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

# मुख्यमंत्री की पहल पर सुगमता से हो रही है धान की खरीदी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 45.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 9.79 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 10001 करोड़ 13 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 2.51 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया था, जिसके विरूद्ध 51 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।



# संपादकीय

## ग्लोबल वार्मिंग खतरनाक यथार्थ

**वर्ष** 2024 के रिकार्ड सबसे गरम साल होने की संभावना से ग्लोबल वार्मिंग खतरनाक यथार्थ बन गई है। यह बढ़ते जलवायु संकट के प्रति खतरनाक चेतावनी है। यूरोपीय संघ के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि 2024 के पहले 11 महीनों ने एक नया रिकार्ड कायम किया है जिससे यह साल शुरुआत से ही सबसे गरम साल बना रहा है। यह पहला साल होगा जब वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक समय की तुलना में 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक बढ़ेगा। दुनिया भर के नेताओं ने चेतावनी दी है कि इस सीमा से आगे बढ़ने पर जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस खतरनाक यथार्थ को देखते हुए दुनिया को तेजी से जलवायु परिवर्तन आपातकाल का सामना करना पड़ सकता है जिसमें तत्काल आत्यन्तिक उपायों की आवश्यकता पड़ेगी। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव पहले से ही सारी दुनिया में दिख रहे हैं। 2024 में मौसम के भयानक रूप से खराब होने के कारण अनेक समुदायों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा है और व्यापक विनाश हुआ है। गंभीर सूखे ने इटली और दक्षिणी अमेरिका को प्रभावित किया, जबकि भयानक बाढ़ से नेपाल, सूडान और यूरोप में हजारों लोग विस्थापित हुए। लू के कारण मैक्सिको, सऊदी अरब और माली में हजारों लोगों की जानें गईं, जबकि समुद्री तूफानों ने अमेरिका और फिलीपीन्स में तबाही मचाई। ये घटनायें केवल कभी-कभी होने वाली घटनायें नहीं हैं, बल्कि वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि ये मनुष्यों द्वारा पैदा किए जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट परिणाम हैं।



ग्लोबल वार्मिंग का सबसे बड़ा कारण कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन तथा फासिल ईंधनों का जलाया जाना है। ये उत्सर्जन खतरनाक ढंग से वातावरण में गरमी को जकड़ लेते हैं जिससे वैश्विक तापमान खतरनाक गति से बढ़ रहा है। इस वार्मिंग पर लगाम लगाने का सर्वाधिक प्रभावी तरीका उत्सर्जनों को 'नेट-ज़ीरो' स्तर तक लाना है। विभिन्न देशों ने आने वाले दशकों में यह लक्ष्य प्राप्त करने का इरादा दिखाया है। लेकिन 'हरित प्रतिज्ञाओं' के बावजूद वैश्विक कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन इस वर्ष रिकार्ड ऊंचाई तक पहुंचने की आशा है। इस विरोधाभासी प्रवृत्ति से राजनीतिक वादों और यथार्थ के बीच की खाई दिखती है तथा जलवायु परिवर्तन घटाने के लिए सटीक कार्रवाई की आवश्यकता उजागर होती है। इस वर्ष संरा. जलवायु वार्ताओं ने वैश्विक जलवायु संकट से निपटने के लिए 300 बिलियन डालर के समझौते का लक्ष्य बनाया। लेकिन गरीब देशों ने इस समझौते की आलोचना करते हुए तर्क दिया कि यह जलवायु संबंधी विभीषिकाओं से निपटने के लिए नाकाफी है। हालांकि, इस समझौते से थोड़ी प्रगति हो सकती है, पर यह स्पष्ट है कि वैश्विक प्रतिक्रिया अभी और गरमी से बचाने के लिए काफी नहीं है। जलवायु परिवर्तन में खराबी बढ़ने से इनकार करने वालों ने खासकर राजनीतिक क्षेत्र में इस संकट से निपटना और कठिन बना दिया है। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खासकर ग्लोबल वार्मिंग की गंभीरता को अनदेखा किया है और उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में अनेक पर्यावरणीय विनियमनों को समाप्त किया था। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका पेरिस समझौते से पीछे हट गया था, जबकि इस वैश्विक समझौते का उद्देश्य जलवायु संकट की समस्याओं को कम करना था। ऐसी कार्रवाइयों से असंदिग्ध रूप से जलवायु संकट की समस्या गंभीर होगी तथा पूरी दुनिया का तापमान बढ़ेगा। इससे उत्सर्जन में वृद्धि रोकना और कठिन हो जाएगा तथा पूरी धरती को ग्लोबल वार्मिंग के विनाशकारी प्रभावों से बचाना मुश्किल होगा। समय आ गया है कि इस मामले पर फौरन कार्रवाई की जाए नहीं तो सार्थक परिवर्तन के लिए समय लगातार कम होता जा रहा है।

# विधान निर्माण के माध्यम से विकास के नव आयाम स्थापित कर रही है छत्तीसगढ़ विधानसभा



डॉ. रमन सिंह

01 नवम्बर 2000का दिन जब केवल भारत के मानचित्र पर कुछ नई रेखाएं नहीं खिंची गई बल्कि डॉ. खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, हरि ठाकुर, केयूर भूषण, केशव सिंह ठाकुर और चंदूलाल चंद्राकर जैसे महापुरुषों के दशकों के प्रयास का प्रतिफल रहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग के लिए मध्यप्रदेश विधान सभा में सर्वप्रथम महेश तिवारी (सदस्य, जनता पार्टी) द्वारा 28 जून सन् 1991 को मध्यप्रदेश राज्य को तीन पृथक प्रदेशों में विभाजित कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हेतु केन्द्र से अनुरोध किये जाने हेतु प्रस्तुत अशासकीय संकल्प अस्वीकृत हो गया। इसके बाद इसके बाद गोपाल परमार ने 18 मार्च 1994 को एक अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया सदन का यह मत है कि मध्यप्रदेश के विस्तृत क्षेत्र, भाषा, सांस्कृतिक परंपराएँ, कानून व्यवस्था तथा जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ क्षेत्र को अलग कर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाये जाने की शासन आवश्यक पहल करें।'' इस पर तीन घंटे की चर्चा उपरांत संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत हुआ। फिर 15 अप्रैल 1998 को मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन मंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने मध्यप्रदेश विधान सभा में 15 अप्रैल 1998 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के निर्णय पर भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किये जाने का शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया जो पारित हुई। मुझे आज भी श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदान, रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा। वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों को आकांक्षाओं को सम्मान मिला। आजादी के पूर्व से छत्तीसगढ़ प्रान्त के संसदीय ज्ञान और लोकप्रिय नेताओं का सदन में रहा है प्रतिनिधित्व। छत्तीसगढ़ को भले ही भारत के नक्शे में पहचान सन 2000 में मिली लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व आज़ादी के पूर्व से सीपी एंड बरार में दिखाई देता रहा, जब पहली बार 31 अप्रैल 1937 को दुर्ग के संजारी बालोद से चुनाव जीतकर घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष चुने गए। गुप्त जी लगातार 3 बार (1937-1952) 15 वर्षों तक विधानसभा अध्यक्ष पद को सुशोभित करते रहे। इसके साथ ही जब 1935 के भारत शासन अधिनियम के अनुसार विधानसभा की भाषा आवश्यक रूप से अंग्रेजी थी तब गुप्त जी ने 1937 में विधानसभा की भाषा हिंदी और मराठी कर दी, अपनी मातृभाषा के प्रति तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह गुप्त जी का समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रेम ही था, जिसकी वजह से वह न केवल संविधान सभा के सदस्य बने बल्कि विधानसभा के द्वारा उन्हें संविधान के हिंदी ड्राफ्ट कमेटी का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की इच्छा के अनुरु उन्होंने 2 वर्ष 6 माह के अंतर्गत भारतीय संविधान का हिंदी ड्राफ्ट प्रस्तुत किया।सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के सदन में छत्तीसगढ़ प्रान्त के दिग्गज नेताओं की प्रमुख भूमिका थी। यह अद्भुत संयोग था कि छत्तीसगढ़ अंचल के रविशंकर सदन के नेता (मुख्यमंत्री) के रूप में थे, छत्तीसगढ़ अंचल के ठाकुर प्यारेलाल सिंह मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता-प्रतिपक्ष और उसी समय घनश्याम सिंह गुप्त जी विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर थे।मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में इसी अंचल के दुर्ग से विश्वनाथ यादव राव तामस्कर, श्यामाचरण शुक्लभी रहे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ अंचल के मोतीलाल वोरा दो बार मध्यप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री हुए। वर्ष 1985-90 में छत्तीसगढ़ के स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्यों एक पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की आवश्यकता पड़ी? जब छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व इतना मजबूत था और छत्तीसगढ़ के नेताओं का इतना प्रभाव था तब क्यों इस प्रदेश के लोगों के मन में एक पृथक राज्य की भावना थी। इसके लिए जब हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखते हैं तब संयुक्त मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ का क्षेत्र खनिज और अन्य संपदाओं से भरपूर होने के उपरांत भी वंचित और उपेक्षित नजर आता है,क्योंकि भोपाल स्थित विधानसभा तक हमारे क्षेत्र की आवाज को पहुंचाना और जनकल्याणकारी योजनाओं से इस अंचल को जोड़ना बहुत कठिन था। यह एक ऐसा दौर था जब हम अगर कवर्धा के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा से 5 लाख रुपए की सड़क भी स्वीकृत करवा लाते थे तब वह एक बड़ी उपलब्धि हुआ करती थी। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सिर्फ एक नए राज्य का निर्माण नहीं था बल्कि सुकमा से सरगुजा तक निवासरत इस पूरे क्षेत्र के लोगों को नई आवाज़ देने और उनके अधिकारों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए एक पृथक पटल भी उपलब्ध किया गया। 14 दिसम्बर सन 2000 को नए छत्तीसगढ़ में जन-जन की आवाज को एक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना हुई, छत्तीसगढ़ गठन के समय विधानसभा के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां थी। उपयुक्त भवन, संसाधनों की कमी एवं संसदीय विद्या के पारंगत अनुभवियों की कमी के बावजूद छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रथम चार दिवसीय ऐतिहासिक सत्र 14 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2000 तक रायपुर स्थित राजकुमार कालेज के जशपुर हॉल में अस्थायी तौर पर निर्मित सभा भवन में संपन्न हुआ। इसके पश्चात् छत्तीसगढ़ विधानसभा को रायपुर बलौदाबाजार मार्ग पर बरोंदा गांव स्थित भारत-सरकार के जल-ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया गया और जहाँ आज दिनांक तक संचालित है। जब छत्तीसगढ़ को अपना पृथक राज्य और पृथक विधानसभा मिली तब अन्त्योदय की विचारधारा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के कल्याण और प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए हमारी विधानसभा ने ऐतिहासिक निर्णय लिए। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ की छवि एक पिछड़े और वंचित प्रदेश की थी। भूख से लोगों की मौत हो जाना और सीमित अवसरों की वजह से लोगों के छत्तीसगढ़ से बाहर कूच करने ने प्रदेश की छवि एक पलायन करने वाले राज्य की बना दी थी। जिसे परिवर्तित करने में हमारी विधानसभा ने ऐसे कानून बनाये जो इतिहास के सदैव के लिए अंकित हो गए। जब हमारी विधानसभा ने खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत 1 रूपये किलो चावल की योजना को 21 दिसम्बर 2012सदन में पारित किया तब भोजन का अधिकार देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना। हमारी इस व्यवस्था को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश के लिए आदर्श बताया और पीडीएस की सराहना की।इसके साथ ही युवाओं को कौशल उन्नयन का कानूनी अधिकारदेश में सबसे पहले 21 जुलाई 2013 को हमारी ही विधानसभा में पारित हुआ। हमारी विधानसभा ने लोककल्याण के साथ ही सांस्कृतिक उत्थान पर भी पूरा जोर दिया और 3 अगस्त 2010 को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का विधेयक पारित कर छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया। हमारी विधायिका की अद्भुत शक्ति है जो न केवल प्रदेशवासियों के विकास को सुनिश्चित करती है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी संरक्षित रखकर एक बेहतर संवैधानिक व्यवस्था को स्थापित करती है। हमारी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करने की एक बहुत ही सुंदर प्रक्रिया है। कोरोना काल को अपवाद के रूप में छोड़ दें तो हमारे सदन में बजट कभी गिलोटीन (GUILLOTINE) से पारित नहीं हुआ है। हमेशा ही छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सभी विभागों के प्रमुख विषयों पर चर्चा करने के बाद बजट को पटल पर रखा जाता है और उसके बाद ही बजट पारित होता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा की एक विशेष प्रक्रिया है, हमारी विधानसभा में यदि कोई सदस्य सत्र के दौरान अपनी कुर्सी से उठकर वेल (गर्भगृह) मे प्रवेश करता है तो वह स्वतः ही निलंबित हो जाता है और उसे सदन से बाहर जाना पड़ता है। यह हमारे लोकतंत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा की एक पवित्र प्रक्रिया है जिसका पालन सभी दल करते हैं।यह हमारी विधायिका की ही शक्ति है जो पक्ष और विपक्ष को एक मंच पर लाकर संवाद के दरवाजे खोल देती है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 26 जुलाई 2007 की वो बैठक है, जिसमें छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार विधानसभा के अंदर पक्ष और विपक्ष के बीच 8घंटे 40 मिनट तक Closed Door Meeting हुई। जहां दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी ने मिलकर नक्सल जैसी गंभीर समस्या पर खुलकर अपनी बात रखी। संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखकर ऐसे अनेकों कीर्तिमान रचते हुए हमारी विधानसभा ने 24 वर्षों की यात्रा पूरी की है। एक लंबी यात्रा के बाद जब हम छत्तीसगढ़ की छठवी विधानसभा को देखते हैं, तब यह विधानसभा अपने युवावस्था के 25वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, जब हमारी विधानसभा में एक नई ऊर्जाऔर नव जनप्रतिनिधियों की प्रबल आवाज है, इस परिपक्व होती हमारी विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व की मामले में भी एक कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल 90 सदस्यीय सदन में अब तक सर्वाधिक 19 महिलायें निर्वाचित हो कर आई है जो कुल सदस्यों की 20त्न प्रतिशत है।50 नए विधायकों में एक नया जज़्बा हैऔर लगभग 14त्न विधायक हमारे सदन में ऐसे हैं, जिनकी आयु 40 वर्ष से कम है, यानी कुल 13 युवा विधायक हमारी विधानसभा के सदस्य हैं। छत्तीसगढ़ विधान सभा के प्रत्येक विधान सभा के प्रारम्भ में नव-निर्वाचित सदस्यों को संसदीय कार्य-प्रणाली, प्रक्रिया एवं परम्पराओं से अवगत कराने की दृष्टि से प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमे प्रबोधन के लिए छत्तीसगढ़ और विभिन्न राज्यों के विधान सभा के अध्यक्षों, भूतपूर्व मंत्रियों तथा वरिष्ठ सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के छठवें विधानसभा में जनवरी 2024 में प्रबोधन के लिए विशेष रूप से लोकसभा के स्पीकर माननीय ओम बिरलाजी, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह, तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख एल. मंडाविया, सतीश महानाजी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधान सभा को भी आमंत्रित किया गया। हमारी छत्तीसगढ़ विधानसभा ऐसी अनेकों ऐतिहासिक अवसरों की साक्षी बनी है, जिसने प्रदेश का गौरव बढाया है, द्वितीय विधान सभा की अवधि में 28 जनवरी, 2004 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में सदस्यों को संबोधित किया जो भारत वर्ष के किसी भी राज्य की विधान सभा में राष्ट्रपति के संबोधन का यह पहला कार्यक्रम था। इसके बाद राष्ट्रपति महामहिम प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने भी जून 2011 में विधानसभा को सम्बोधित किया। आज जब हम अपनी विधानसभा के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ हमारे विधानसभा की अपनी युवावस्था में पहुंच चुकी है। इस युवावस्था में जब एक नौजवान सशक्त और आत्मनिर्भर होकर मजबूती के साथ आगे बढ़ता है, इसी तरह हमारी विधानसभा भी आत्मनिर्भर होकर एक नए मार्ग पर आगे बढ़ रही है।राजधानी के नवा रायपुर के सेक्टर 19 में महानदी (मंत्रालय) और इन्द्रावती (विभागाध्यक्ष) भवन के पीछे मध्य में नया विधानसभा भवन को 2025 तक पूर्णरूप से तैयार करने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। अभी तक जहाँ हमारी विधानसभा भारत-सरकार के जल-ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने भवन में संचालित थी, वहीं इस नई विधानसभा में हम सशक्तिकरण की नई गाथा लिखने जा रहे हैं। इस विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ की आत्मनिर्भरता की भावना के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाएँ, नई तकनीक और डिजीटलीकरण का विजन भी समाहित है। इसके सदन में200 सदस्यों की बैठक क्षमता एवं नए विधानसभा भवन में विधानसभा सचिवालय, विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों के कार्यालय होंगे। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन प्रकृति के प्रति भी संवेदनशील है, जिसमें सौर ऊर्जा से संचालन के साथ ही पूरे भवन परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग व टेक्नोलॉजी का समावेश और समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए भवन विकसित किया जा रहा है। इस नए विजन के साथ जब हम एक नई शुरुआत कर रहे हैं तब समस्त प्रदेशवासियों को विधानसभा के 24वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं। हम सभी मिलकर आने वाले समय में अपने छत्तीसगढ़ को संवैधानिक रूप से और अधिक मजबूत बनाएंगे एवं लोकतंत्र को सशक्त करते हुए विधानसभा की गरिमा को आगे अक्षुण्ण बनाए रखेंगे।

*लेखक- छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष हैं*

# बाकू के चाकू से घायल जलवायु वित्त का मसला : पी.एम. सूर्यघर से भारत में शून्य कार्बन उत्सर्जन मुहिम को गति



**उमेश कुमार मिश्र**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज

**संयुक्त** राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन नवंबर 2024 को अजरबैजान देश के बाकू नामक शहर में संपन्न हुआ। ''एक हरित दुनिया के लिए एकजुटता' और ''मिशन 1.5 डिग्री सेल्सियस'' का लक्ष्य लेकर बाकू में हुआ सम्मेलन समाधान के बदले समस्याएं पैदा कर गया। इस सम्मेलन में विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई और बढ़ गई। जलवायु वित्त को लेकर भारत सहित तमाम विकासशील देशों की मांग थी कि यह राशि मौजूदा 4.42 लाख करोड़ रु. से बढ़ाकर 109 लाख करोड़ रु. हो लेकिन बाकू में हुआ यह कि पहले 21.07 लाख करोड़ रु. का लक्ष्य रखा गया जिसे कतिपय विवाद के बाद बढ़ाकर 25.28 लाख करोड़ रु. में समेट दिया गया। भारत सहित तमाम विकासशील देशों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। लेकिन माना गया है कि कमजोर देशों को जिस पैमाने पर राहत की जरूरत थी वह मिलना अब बेहद मुश्किल हो गया है।

जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की व्यापक योजना के तहत इस तरह के आयोजन काफी महत्वपूर्ण हो चले हैं। जिनके माध्यम से कार्बन क्रेडिट के लिए वित्त पोषण की व्यवस्था तय की जाती है। ''जलवायु वित्त'' को लेकर विकसित देशों द्वारा स्व-स्फूर्त पहल करने में अरुचि रोड़ा बनती है तो विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों की आर्थिक समस्याएं अपनी जगह पर है। पर्यावरण को होने वाले नुकसान की भरपाई करने में कोताही बरतने का सबसे बड़ा कारण उत्पादन लागत को सीमित रखने की नीयत है। अधिक लाभ कमाने की दृढ़ इच्छा शक्ति है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने में उपेक्षा बरती जाती है। वास्तव में जलवायु वित्त की समस्या के समाधान के लिए पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर व्यापक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहल- कदमी की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन को लेकर जो वैश्विक चिंता का माहौल बना हुआ है उसमें आज भी मौजूदा ''आवश्यक समर्थन की मात्रा और गुणवत्ता'' को समुचित नहीं माना जा रहा है। बाकू जैसे सम्मेलन में भी समाधान की समुचित पहल न होना बड़ी चिंता का विषय है। जलवायु नीतियों पर बातचीत करने से ज्यादा जरूरत अब जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देना, वैश्विक सहयोग को बढ़ाना और ''जलवायु वित्त'' के अंतर को पाटना जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ने की है। इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल ''प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना'' पर ध्यान जाना स्वाभाविक है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को बहु-आयामी लक्ष्यों के साथ की थी। यह योजना अन्य प्रयासों के साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रयासों में सामान्य गृहस्थों को भी भागीदार बनाने की है। इस योजना की लागत 75,000 करोड़ रु. है। जलवायु वित्त के वैश्विक संकट की पृष्ठभूमि में मोदी की यह पहल आशा जगाने वाली है। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रत्यक्ष रूप से दिखने में पीएम सूर्यघर योजना वर्ष 2026-27 तक भारत के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने को लेकर है लेकिन जैसे-जैसे आप इस योजना को गहराई से समझते चलते हैं वैसे-वैसे इसके गुणों की परतें खुलती चलती हैं। यह योजना एक किलोवॉट से लेकर तीन किलोवॉट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाने पर केन्द्रित है। एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने पर क्रमशः सब्सिडी 30,000 रू., 60,000 रू. और 78,000 रू. तक मिलने का प्रावधान है। पहला सवाल तो यही है कि क्या इस योजना का लाभ लेने के लिए आपको दफ्तरों के चक्क र काटने पड़ेंगे तो इसका जवाब है, कदापि नहीं। आवेदन के लिए सबसे पहले आपको ''पीएम सूर्यघर'' के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना पड़ेगा। यह आकलन है कि तीन किलोवॉट के सोलर पॉवर प्लांट में औसतन हर माह 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। यह बिजली आपको निःशुल्क मिलती है। और यदि किसी कारण से यह बिजली आपके घर में उपयोग न हो पाये तो राज्य वितरण कंपनी में इसके समायोजन की व्यवस्था भी है। ताकि उत्पादित बिजली का लाभ आपको हर हालत में मिले। भारत सरकार ने इस योजना के लिए बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, इसकी देखरेख और मरम्मत एक नये तरह का तकनीकी कार्य है जिसकी जरूरत लगातार पड़ने वाली है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के अवसर बन रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 लाख से अधिक युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इन युवाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है जो सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना और संधारण में मददगार बनेंगे।यह योजना आपको सीधे लाभ दिलाने के साथ ही देश और दुनिया के सरोकारों से भी जोड़ती है। जहां तक स्वपहल का सवाल है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कॉर्बन उत्सर्जन (नेट जीरो कॉर्बन एमीशन) की घोषणा जितनी महत्वपूर्ण है उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत सरकार के संकल्प और प्रयास। फाजिल फ्यूएल (जीवाश्म ईंधन) पर निर्भरता समाप्त करने की दिशा में वर्ष 2020 तक 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है। भारत ने अपना लक्ष्य खुद ही 175 गीगावॉट बढ़ाकर 500 गीगावॉट कर लिया है। सौर ऊर्जा के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा के हर उपाय को आजमाया जा रहा है। ग्रे हाइड्रोजन और ग्रीन हाइड्रोजन के लिए ''हाइड्रोजन ऊर्जा अभियान'' का शंखनाद भी कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) से लेकर पवन ऊर्जा तक के लिए उदार नीतियों का बड़ा योगदान दर्ज करने की तैयारी है। ''प्रधानमंत्री उज्जवला योजना'' और ''उजाला योजना'' के योगदान को याद करना चाहें तो अब इसका आंकड़ा भी आ चुका है। जिसके कारण सकल घरेलू उत्पाद की कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

पीएम सूर्यघर योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए भारत का लक्ष्य एक करोड़ घर है तो छत्तीसगढ़ ने भी पांच लाख घरों के लिए भी कमर कस ली है। यह योजना घरों से लेकर समुदायों तक को लाभ पहुंचाने वाली है। योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में ''आदर्श सौर गांव'' विकसित किए जाएंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करेंगे। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को भी अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। पीएम सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ में व्यापक तैयारी कर ली गई है। मुख्यालय से क्षेत्रीय स्तर तक कार्यशाला, बैंकर्स, वेंडर्स के साथ बैठकों का दौर जारी है। ''मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन'' की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में पीएम सूर्यघर योजना की गूंज तेजी से सुनाई देने वाली है। इसके अलावा भी देश में वैकल्पिक ऊर्जा को लेकर बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 138.70 मेगावॉट की जल विद्युत उत्पादन क्षमता है जिसमें बढ़ोतरी के लिए प्रदेश के 5 स्थानों पर 7,300 मेगावॉट क्षमता की पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजना स्थापित करने हेतु तैयारी की जा रही है। एन.एच.पी.सी. द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित की जा रही जल विद्युत परियोजनाओं में से 2,205 मेगावॉट बिजली का क्रय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा किये जाने की सहमति दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ने भारत की सबसे बड़ी 120 मेगावॉट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना का कीर्तिमान हासिल किया है। राज्य में आगामी 02 वर्षों में 400 मेगावॉट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना की जा रही है। सौर ऊर्जा से प्रदेश के सभी गांवों को रोशन करने की कार्ययोजना भी प्रगति पर है। इस तरह अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार भी भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। वर्तमान में राज्य में बिजली की कुल डिमाण्ड के विरूद्ध लगभग 15 प्रतिशत ऊर्जा की पूर्ति गैर-परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, लघु जलविद्युत, बायोमास आदि से की जा रही है। गैर-परंपरागत स्त्रोतों की क्षमता बढ़ाते हुए इसे वर्ष 2030 तक 15 हजार मेगावॉट पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें 7 हजार 300 मेगावॉट क्षमता का पम्प स्टोरेज आधारित जल विद्युत पॉवर प्लांट की स्थापना शामिल है। छत्तीसगढ़ में अब कुल 1 लाख 58 हजार सोलर सिंचाई पम्प, 230 सौर सामुदायिक सिंचाई पम्प, 24 हजार सोलर पेयजल पम्प स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त 2 हजार 600 शासकीय भवनों, आश्रम छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों के सौर विद्युतीकरण का कार्य भी किया गया है। राज्य में कुल 75 मेगावॉट क्षमता के 7 लघु जलविद्युत संयंत्र संचालित हैं। 631.44 मेगावॉट क्षमता की कुल 37 लघु जलविद्युत परियोजनाओं की स्वीकृति जारी की गई है। राज्य में 32 जल संसाधनों में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना भी प्रस्तावित है। जिस तरह के प्रयास चल रहे हैं उससे यह लगता है कि शून्य कॉर्बन उत्सर्जन की दिशा में छत्तीसगढ़ भी बड़ा योगदान जोड़ेगा।

# आप की बात

## डिब्बाबंद भोजन

**इटली** के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के शोध के अनुसार, डिब्बाबंद भोजन का अधिक सेवन करने से शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन बढ़ सकती है, जिससे शरीर की कोशिकाएं समय से पहले बूढ़ी हो सकती हैं। यह शोध डिब्बाबंद भोजन में पाए जाने वाले बीपीए (बिसफेनॉल ए) नामक रसायन के प्रभावों पर केंद्रित था। बीपीए एक प्रकार का प्लास्टिकाइज़र है जो डिब्बाबंद भोजन के पैकेजिंग में उपयोग किया जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि बीपीए के संपर्क में आने से शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन बढ़ सकती है, जिससे कोशिकाओं की उम्र बढ़ सकती है। इसके अलावा, बीपीए के संपर्क में आने से हृदय रोग, मधुमेह और कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह शोध अभी भी प्रारंभिक चरण में है और इसके परिणामों को और अधिक शोध की आवश्यकता है। हालांकि, यह शोध हमें डिब्बाबंद भोजन के सेवन के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है और स्वस्थ आहार विकल्पों का चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आजकल की भागती दौड़ती जीवनशैली में आदमी अपने खान-पान और भोजन के प्रति बेहद लापरवाह हो गया है। जुबान के चटोरे पन और शीघ्र उपलब्धता के चलते घरोंसे बाहर पढ़ाई एवं नौकरी करने वाले अधिकांश व्यक्ति डब्बा बंद भोजन पर निर्भर होते जा रहे हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## विपक्ष को क्या हो गया है?

**देश** के विपक्ष को पता नहीं क्या हो गया है कारण पता नहीं क्यों उससे एक इमानदार, समझदार विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई नहीं जा रही हैं कारण इन दिनों केंद्र सरकार के हर कार्य का विरोध करना उसका शगल एक बन गया है फिर विशेष करके प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते रहना जैसे विपक्ष ने एक धंधा बना लिया है। जब से यह मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में सत्ता में आई है लगभग हर दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम उद्योगपति अडानी के साथ जोड़कर उन्हें बदनाम करना विपक्ष का एक धंधा बन गया है। फिर सबसे बड़ी बात यह है कि विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री को बदनाम करने की यह साजिश आजसे नहीं बल्कि मोदी सरकार के पहले कार्य काल से हि लगातार चल रही है अतः तब बार-बार हमारे मन में यही विचार आता है कि देश के विपक्ष को आखिर हो क्या गया है फिर जबकि संसद में पिछले दो कार्यकालों को देखे तो विपक्ष मात्र नाममात्र का रह गया था। परंतु इस बार विपक्षी सांसदों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है मगर इतनी भी नहीं की सरकार का सामना ताकत के साथ कर सके। मगर फिर भी विपक्ष जब रचनात्मक काम ना करके केवल सरकार का विरोध- विरोध ही करता रहे तो उसकी कोई वैल्यू भी नहीं रहती है आज संसद के दोनों सदनों में लगातार सरकार का विरोध करते हुए संसद की कार्यवाही नहीं चलने देना ही विपक्ष का आज सबसे बड़ा काम हो गया है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

## संसद का सत्र

**संसद** का शीतकालीन सत्र एक महत्वपूर्ण अवसर है जब सरकार और विपक्षी दल अपने विचारों और नीतियों पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, संसद के सत्रों में हंगामा और व्यवधान एक आम बात हो गई है, जिससे संसद का समय बर्बाद होता है और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, सरकार को कई कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, सरकार को संसद के नियमों और प्रक्रियाओं को मजबूत बनाना चाहिए, ताकि हंगामा और व्यवधान को रोका जा सके। इसके अलावा, सरकार को विपक्षी दलों के साथ बातचीत करनी चाहिए और उनकी चिंताओं को सुनना चाहिए, ताकि संसद में एक स्वस्थ और रचनात्मक वातावरण बनाया जा सके। एक और महत्वपूर्ण कदम यह है कि सरकार को संसद के सदस्यों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करने चाहिए, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हों। इसके अलावा, सरकार को संसद की कार्यवाही को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कदम उठाने चाहिए, ताकि जनता को पता चले कि उनके प्रतिनिधि क्या कर रहे ? सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद का समय बर्बाद न हो और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो। इसके लिए, सरकार को संसद के नियमों और प्रक्रियाओं को मजबूत बनाना होगा।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

## ईवीएम पर विपक्ष की खीझ

**विपक्ष** हमेशा हार के लिए ईवीएम को दोष देता है जबकि जनता के बीच उनकी हार का कारण उनकी नकारात्मक छबि है। ईवीएम पर खीझ निकालने की बीमारी, भारतीय चुनाव प्रक्रिया में एक दुर्भाग्यपूर्ण परिघटना बन गई है। जब भी चुनाव परिणाम उम्मीदों के खिलाफ आते हैं, कुछ लोग ईवीएम को दोष देने लगते हैं, बिना इसके वास्तविक कार्यप्रणाली को समझे। यह मानसिकता चुनावी नतीजों को मान्यता न देने का कारण बनती है। सच्चाई यह है कि ईवीएम विश्वसनीय और सुरक्षित हैं, और बार-बार इसके खिलाफ आरोप लगाना लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास बढ़ाता है। चुनाव आयोग ने कई बार ईवीएम की पारदर्शिता पर सफाई दी है, लेकिन फिर भी कई लोग इसे राजनीति का हिस्सा मानते हैं। इस खीझ को सुलझाने के लिए राजनीतिक और नागरिकों को तथ्य आधारित विचारधारा अपनानी होगी। बिना साक्ष्यों के आरोप लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए हानिकारक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम के विरोध वाली याचिकाओं को स्वीकार न कर समय बचा कर उलटे याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाना चाहिए।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# धान का उठाव नहीं होने से चरमराई व्यवस्था, 4 से अधिक केंद्रों में खरीदी रही बंद, साढ़े 26 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम

■ 143 में 137 खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान का

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




जिले के 4 से अधिक केंद्रों में धान खरीदी बंद रही। पलारी, मोखा, आमाडुला, साल्हे सहित अन्य कुछ खरीदी केंद्रों में एक दाना धान की भी खरीदी नही हुई। धान का उठाव और परिवहन नही होने से धान खरीदी केंद्रों की सांसे फूलती जा रही है। केंद्रों में जाम की स्तिथि निर्मित हो रही है। जिसकी वजह से खरीदी बंद करने की नौबत आन पड़ी है। केंद्रों में क्षमता से अधिक धान की मात्रा और धान का उठाव व परिवहन नही होने से गुरुवार को 4 केंद्रों में खरीदी बंद रही। बकायदा केंद्रों के बाहर सूचना चस्पा किया गया है। साथ ही समिति अंतर्गत आने वाले गावो में मुनादी के माध्यम से भी किसानो को सूचना दी जा रही हैं। बता दे कि गुरुवार तक 143 केंद्रों में 26 लाख 51 हजार 985 क्विंटल धान का स्टॉक रहा। बता दे कि जिले के 143 खरीदी केंद्रों में से 137 ख़रीदी केंद्र में धान का स्टॉक बफर लिमिट से दुगुना तुगुना है। जिससे यहां जाम की स्तिथि निर्मित हो रही है। इन 137 केंद्रों में सवा 22 लाख क्विंटल से अधिक धान का स्टॉक हैं। वही कुछ और खरीदी केंद्रों में भी धान का तेज गति से उठाव नही होने के चलते धान खरीदी बंद हो सकती है। संग्रहण केंद्रों में तेज गति से धान का भंडारण नही किया जा रहा है। आलम यह है कि संग्रहण केंद्रों के बाहर भी धान से लदे ट्रकों को घण्टो व दिनों तक खाली नही करवाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा खरीदी व संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था के दावे खोखले नज़र आ रहे है। जिससे धान खरीदी की व्यवस्था चरमरा गई है।

**भर्रीटोला में भी आज से खरीदी बंद-** डौंडी ब्लॉक के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भर्रीटोला के समिति प्रबंधक ने डीएमओ को पत्र लिख अवगत कराया है कि समिति की बफर लिमिट 7 हजार 200 क्विं. निर्धारित है। लेकिन स्थिति में समिति की कुल खरीदी 24 हजार 988 क्विं. से अधिक हो चुकी है, जो कि बफ र लिमिट से 17 हजार 788 क्विं. अधिक है। किन्तु परिवहन सिर्फ 2 हजार 490 क्वि. ही हुआ है। केंद्र के सभी चबुतरे अस्थाई स्टेक एवं पुरा फड भर चुका है। धान परिवहन नहीं होने से जगह के अभाव में आज से धान खरीदी बंद करना पड़ रहा है। समिति प्रबंधक ने धान परिवहन होते तक खरीदी बंद रखने की बात कही हैं।

**कुल 30 लाख क्विंटल से अधिक हुई धान की खरीदी-** उल्लेखनीय हो कि जिले में गुरुवार तक कि स्थिति में 68 हजार 118 किसानों ने 30 लाख 19 हजार 511 क्विंटल धान बेचा है। उक्त किसानों से 96 हजार 658 बार धान खरीदा गया है। अब तक 8 हजार 220 किसानों ने 532.130 रकबा समर्पित किया हैं। आपको बता दे कि जिले में 122 समिति अंतर्गत कुल 143 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। और इन 143 केंद्रों में 137 केंद्र में बफर लिमिट से दुगुना/तिगुना अधिक धान रखा हुआ हैं। 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई और 12 दिसंबर तक 68 हजार 118 किसानों से 696 करोड़ 75 लाख 61 हजार 464 राशि का 30 लाख 19 हजार 511 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। वही ऋण के विरुद्ध 210 करोड़ 18 लाख 5 हजार 147 रुपये की वसूली पश्चात 486 करोड़ 57 लाख 56 हजार 317 रुपये का शुद्ध भुगतान किसानो के खातों में किया गया हैं। वही गुरुवार तक संग्रहण केंद्रों में तीन लाख 53 हजार 258 क्विंटल एवं 9 मिलरों द्वारा 14 हजार 268 क्विंटल धान उठाव/परिवहन के बाद जिले के 143 केंद्रों में 26 लाख 51 हजार 985 क्विंटल धान का स्टॉक मौजूद है। वही शुक्रवार को 143 खरीदी केंद्र में 5 हजार 622 किसानों द्वारा 2 लाख 8 हजार 380 क्विंटल धान बेचा जाएगा।

# विशेष पिछड़ी जनजातीय आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के कलेक्टर कार्यालय (आदिवासी विकास शाखा) ने वर्ष 2024-25 के लिए जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजातीय आवासीय विद्यालय पोलमी एवं चौरा में अतिथि शिक्षकों (पीजीटी/टीजीटी) की नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितंबर 2024 निर्धारित की गई थी। आवेदन पत्रों के परीक्षण के बाद योग्य अभ्यर्थियों की सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.kawardha.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। यदि सूची में किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति है, तो वे अपना दावा अथवा आपत्ति 17 दिसंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में कलेक्टर कार्यालय (आदिवासी विकास शाखा) में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्ति दर्ज कराने के लिए अभ्यर्थी पंजीकृत/स्पीड डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## मार्शल आर्ट क्लब दल्लीराजहरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया



**दल्लीराजहरा।** मार्शल आर्ट क्लब दल्ली राजहरा के खिलाड़ियों ने डीएवी नेशनल में 2 से 4 दिसंबर 2024 दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं में हिस्सा लिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम ने शामिल होकर शानदार प्रदर्शन किया। कराते की प्रतियोगिता में जय सिंह, यश साहू, गरिमा निर्मलकर ,प्राची डहरवाल ,ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया वूशु की प्रतियोगिता में वर्षा निर्मलकर 48 कि.ग्रा. वर्ग में खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं कपसा गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया विजेता खिलाड़ियों को खेल प्रेमियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान दी।

# मचांदूर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत मचांदुर में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे महिला बाल विकास विभाग की तरफ से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें अन्न प्राशन कार्यक्रम में प्रियंका, दिव्यांश, सोनम, मेनांक को खीर खिलाकर उनकी मुंह जुटाई करवाई गई, जिसका उद्देश्य बच्चे को 6 माह तक सिफ और सिर्फ मां का दूध पीना चाहिए। 6 माह के बाद मां के दूध के साथ अतिरिक्त पोषण आहार खिलाया जाना है, गोद भराई कार्यक्रम में अनुसुइया साहू, काजल साहू, सबनम मुमताज, मेनका साहू की गोद भराई की है, महतारी वंदना योजना से लाभान्वित महिलाओं तारिणी देवांगन, शैल देवांगन, मनोरमा साहू, शबनम बेगम, सविता साहू, टोमिन चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, नंदिनी साहू, कुंती यदु, चंद्रिका देवांगन का सम्मान शाल और श्रीफल देकर ललित चंद्राकर एवं अन्य उपस्थित समस्त जिला और जनपद सदस्यों द्वारा किया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में जल जीवन मिशन अंतर्गत पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी के समस्त 3 से 6 वर्ष बच्चो विद्या, भावेश, दुर्गेश्वरी, उर्मी, चेतना, पीयूष, मोक्षित, गौरव, सुभात, लक्ष्मण, वेदप्रकाश, दिशा, फाल्गुनी, अंकिता, आयुष, भावीं, गीतिका, गौरी, हिमांशी, झलक, नम्रता, संध्या, समीर, इरफान, सिमरन, तान्या, वामन, यश, यशमिता, तिजिया अभय, ऊंची, वर्षा, रेशम, प्रमेश, मोबासीरा, प्रकाश, फैजान, हर्षित, कविता, मानसी, माही, सोमेश, विराज को विभाग द्वारा पानी बोतल का वितरण किया गया,सरकार की जन हितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों के अंतर्गत महतारी वंदना योजना से लाभांवित हितग्राहीयो का सम्मान एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

# युवा महोत्सव में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग, अनेक विधाओं मे किया कला का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आदेशानुसार राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बेमेतरा में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.डी.एम. बेमेतरा श्रीमति दिव्या पोटाई जनपद पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष रीना वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार द्वारा माँ सरस्वती व छत्तीसगढ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलीत कर किया गया। आयोजन में जनपद पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय और विभिन्न ग्राम पंचायत के प्रतिभागीयों द्वारा निर्धारित विधा जिसमें सास्कृतिक में सामूहिक लोकनृत्य एकल एवं दलीय लोकगीत एकल व दलीय लाईफ स्कील में कहानी लेखन, चित्रकला वक्तृत्व कला/तत्कालीन भाषण, कविता थियेमेटिक में विज्ञान मेला युवा कृति में हस्तशिल्प, टेक्सटाईल व कृषि उत्पाद आदि विधाओ में अपनी प्रस्तुति दी गई 7 युवा महोत्सव में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस महोत्सव में कई युवा प्रतिभाओं ने अपनी कला, संस्कृति और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, संगीत, नाटक, और अन्य पारंपरिक कलाओं में युवाओं की भागीदारी ने माहौल को और अधिक जोशपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कला एवं संस्कृति के प्रति प्रेरित करना और उन्हें मंच प्रदान करना था । विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों जैसे नृत्य, संगीत, नाटक, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले युवाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष अतिथियों ने युवाओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार प्रदान किए, जिससे प्रतिभागियों में और अधिक उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। इस कार्यक्रम ने युवाओं को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और भविष्य में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दिया। जिसमें लोकनृत्य दलीय में प्रथम जितेश एवं साथी, पंथी नृत्य चारभाठा लोकगीत दलीय में प्रथम श्याम सेन एवं साथी प्रथम, चित्रकला में लोकेश्वर निषाद प्रथम वक्तृत्व कला/तत्कालिक भाषण में रेशमी वर्मा प्रथम कविता लेखन में दिव्यांशु प्रथम कहानी लेखन में पूजा साहू प्रथम हस्तशिल्प कला में सोनिया साहू बालसमुंद प्रथम विज्ञान मेला में एकल में योगिता साहू प्रथम रहें। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों के द्वारा शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एस.डी.एम. बेमेतरा दिव्या पोटाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नवीन कुमार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी भरत बंजारे और विक्रम सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहें। निर्णायक मंडल में श्री गोकुल बंजारे विभाष कुमार मिश्रा, रामकुमार टंडन, नूतन प्रभात कवर राजा तंतुवाय आदि रहे जिन्हे भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भोजराज कुर्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोनूपाल मिथिलेश वर्मा आदि उपस्थित थे ।

# सेलूद के 24 कुंडीय महायज्ञ के द्वितीय दिवस के अतिथि होंगे पूर्व मुख्यमंत्री व स्पीकर डॉ. रमन सिंह



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा दिनांक 02 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के द्वितीय दिवस दिनांक 03 जनवरी को डॉ रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष शामिल होंगे । सिंह ने महायज्ञ में आने की स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम सेलूद में सनातन पर्व के अवसर पर भव्य महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी चल रही है।सेलूद ग्राम में पहली बार 24 कुण्डीय महायज्ञ होने जा रहा है जिसमे शामिल होने के लिए पूरे क्षेत्र की जनता के साथ साथ राजनेताओ का भी आगमन होने जा रहा है। चारों दिवस में अलग अलग धार्मिक मूर्धन्य के साथ साथ दोनो ही पार्टी के वरिष्ठ नेता गन पहुंचने वाले है । द्वितीय दिवस के दिन से महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । डॉ रमन सिंह को आमंत्रित करने के लिए पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, कार्यक्रम समन्वयक अशोक सिंह, सह संयोजक संजय यदु, अजय सिंग ठाकुर, खेमलाल साहू उपस्थित थे।

# स्कूल परिसर में पौधरोपण छात्रों के द्वारा किया



**बेमेतरा।** सामुदायिक सेवा भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के वार्षिक कार्यक्रम के तहत सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की प्राचार्य कविता बाचपेयी के दिशा निर्देश में प्रभारी आराधना जोसेफ एवं गाइड के छात्राओं द्वारा पौधारोपण स्कूल परिसर में किया गया जिसमें सपना तिवारी, रेखा सोनी, शिव्द्यावती कोल्ह , पीला राम साहू उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्काउट गाईड का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सेवा ही है, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे बड़ी सामुदायिक सेवा है। संस्था की गाईड छात्राओं के द्वारा यह कार्य निश्चित रूप से सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

# फर्जीवाड़ा : आजीविका मिशन योजना में समोसा खिलाकर बनाया भोजन का बिल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत लखपति दीदी कार्यक्रम का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जाता हैं। जिसमें भारी फर्जीवाड़ा होने की जानकारी मिल रहा है। अधिकारी जानकारी को छुपाते हुए सूचना के अधिकार में गलत जानकारी दे रहे है। फर्जीवाड़ा का हद हो गया है अधिवेशन में शामिल हुए दीदियों को समोसा खिलाकर भोजन का बिल वाउचर तैयार कर लाखो रुपए का आहरण कर लिया गया है जिसकी शिकायत के बावजूद अबतक किसी प्रकार का जांच नहीं किया जा रहा है। जिससे साबित होता हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक ओहदे के अनुसार चढ़ावा चढ़ाया गया होगा। लखपति दीदी एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख से अधिक होती है। वित्तीय सफलता से परे, वे स्थायी आजीविका प्रथाओं को अपनाकर और एक सभ्य जीवन स्तर प्राप्त करके प्रेरित करती हैं। महिला स्वा सहायता समूह की सामूहिक कार्रवाई, वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास के साथ इस यात्रा का समर्थन करते हैं, जिससे सदस्यों को उद्यमशीलता के लिए सशक्त बनाया जाता है। सरकार इस पहल का सक्रिय रूप से समर्थन करती है, विविध आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देती है और रणनीतिक योजना और कार्यान्वयन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देती है लेकिन कबीरधाम जिला में ऐसा नहीं हो रहा है। जो चिंतनीय है।

**करतूत छिपाने दे रहे है गलत जानकारी** – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजन कबीरधाम जिला सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा और बाजार चारभाटा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में आयोजित वार्षिक अधिवेशन एवं कलस्टर स्तर आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम का तिथि, व्यय का बिल, वाउचर, फोटोग्राफ्स तथा संबंधित समस्त दस्तावेज की जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई लेकिन जन सूचना अधिकारी ने भ्रष्टाचार की उजागर होने की डर से जानकारी निरंक दे दिया है । दो वर्षों में एक भी वार्षिक अधिवेशन आयोजित नहीं किया है जबकि उक्त आयोजन आयोजित किया है। जिसमें लाखो रुपए की व्यारा न्यारा किया गया है।

**दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने में असफल** – लखपति दीदी कार्यक्रम में समूह के दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में दीदियां कैसे लखपति बन पाएगी। कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम का पत्र क्रमांक /5474, 5475, 5476, 5477/जी. पं. /सुकाअ/2024 कबीरधाम दिनांक 18/11/2024 में स्पष्ट लिखा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में इस कार्यालय द्वारा किसी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है।

## श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद ने आयोजित रूद्र यज्ञ और श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का छठा दिन

# जो भगवान को सिर में धारण करता है उसका समस्त बन्धन ताले बेड़ियां टूट जाते हैं : दंडी स्वामी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने भागवत ज्ञान प्रवचन में कहा हनुमत जी से बड़ा कोई वक्ता ना ही उनसे बड़े कोई श्रोता है आइए भागवत भगवान की कथा यात्रा में चलते हैं जीवन अनमोल है इसे भगवत भक्ति में लगाएं कल की चिंता क्यों करे कल आता है तो काल बनके आता है ।उन्होंने दृष्टांत सुनाया एक भंवरा है जो कमल में मंडरा रहा है फूलों के पराग चूम रहा है। शाम होते ही भुवन भास्कर छिप जाता है भंवरा विचारों में मुग्ध परागों में खोया विचार करता है पंखुड़ी बंद हो जाएगी रात्रि निकल जायेगी फिर सुबह तो होगी ही यह फुल खिलेगा मै बाहर आ जाऊंगा। स्वामी जी ने आगे कहा भक्त जनों देखो काठ में छेद कर जाने वाला भंवरा कोमल पंखुड़ियों से मोह वश नहीं निकलता सुबह होती है हाथियों का झुंड आता है पानी पीकर सूंड से कमल को तोड़ तोड़ पटक कर जमीन में फेक देता है ।भंवरा की जीवन लीला वहीं समाप्त हो जाती है इसलिए भक्तों जो कल करना है आज कर ले।स्वामी ने कहा कल की कथा में भगवान के अवतारों का प्राकट्य सुने थे भगवान को कातर हो बुलाने से निर्गुण निराकर से सगुण हो जाते है जिनके स्मरण मात्र से भव बंधन से मुक्ति मिल जाती है। शुकदेव जी राजा परीक्षित से कहते है जिसने भगवान को जिस रूप में पुकारा भगवान उसी रूप में आ जाते है गज के बुलाने से गजेन्द्र बन गए वही भगवान खंभा तोड़कर नृसिंह बन प्रकट हो जाते है कौशल्या के लिए राम बन के आते हैं । स्वामी जी ने भगवान कृष्ण जन्म की कथा में कहते है वैसे ही भगवान कृष्ण मा देवकी के संकटों से उसको उबारने भादो की काली रात अष्टमी तिथि चतुर्भुज रूप शंख चक्र गदा पद्म धारण किए उसके सामने प्रकट होते हैं।देवकी मां के लिए यह चतुर्भुज रूप अद्भुत है जिसने कभी भगवान का साक्षात रूप ना देखा हो उसके लिए विस्मय कारी ही है चारों तरफ अंधेरा है स्याह रात है पर जैसे निशा में चांद चमकता है वैसे ही भगवान का रूप चमक रहा है।देवकी मां ने हाथ जोड़ लिया प्रभु सारी सृष्टि आपकी अधीन है आप इनके आधीन नहीं है। देवकी मां को चकित देख भगवान ने कहा मैया आपने पिछले जन्म में तपस्या की थी आपने कहा था मेरे समान पुत्र हो इसलिए मैं स्वयं आया हूं बोल मैया क्या चाहती है। देवकी मां ने कहा हे प्रभु यह रूप छोड़ के बालक रूप में आओ और शिशु लीला करो मुझे घबराहट हो रही है कंस ने मेरे सात पुत्रों को मार डाला है मै तुम्हे नहीं खोना चाहती।भगवान ने कहा मईया आप घबराइए मत सारा संसार काल से डरता है पर काल मुझसे डरता है। स्वामी जी विस्तार करते कहा जो भगवान की भक्ति में मन लगाता है उसके सब बंधन खुल जाते है जगत की बेड़ियां कट जाती है देवकी के आग्रह से भगवान बाल रूप में आते है मां उसे भाव विभोर हो सिर में उठा लेती है चमत्कार होता है सारे ताले बेड़ियां सब खुल जाते है ।पर बालक को लेने वहां कुछ नहीं था सूपा बस मिला प्रभु को उठाने के लिए। स्वामी ने कहा भक्तों सूप का काम है जो काम का नहीं उसे अलग कर देना सार को ग्रहण करना असार को छोड़ देना। वैसे ही जीव को चाहिए सार को ग्रहण करे आसार को छोड़ दें।जब भी विपत्ति हो तुरंत भगवत भक्ति करें भगवान के सुमिरन नहीं होने से ही विपत्तियां आती है इनके सुमिरन मात्र से विपत्तियां टल जाती है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने कहा भक्तजनों माया सबको पकड़ रखी है माया को कोई पकड़ पाया। लेकिन यहां तो स्वयं मायावी कृष्ण आया है छाया और माया किसी के पकड़ में नहीं आती । आदमी को चाहिए मायापती को पकड़े माया को नहीं। मायापती के सुमिरन से ही माया बन्धन से मुक्ति मिल जाती है मायापति ही माया से छुड़ा सकता है । वसुदेव कृष्ण को उठा गोकुल की ओर चलते है सामने यमुना है जो घुटने भर थी बढ़ते बढ़ते वसुदेव के गले से ऊपर आ गई, कृष्ण मुस्कुरा अपना पैर नीचे करते है यमुना जल फिर घुटने तक भक्तों जो भगवान को सिर में धारण कर लिया उसे विपत्ति कैसी संकट कैसा। फिर नन्द बाबा के यहां कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। श्री ज्योतिर्मयानंद स्वामी जी की स्वागत में दत्त जैन पूरी संतोष पूरी संजय पूरी किशोर पूरी शत्रुघन सिंह साहू लेखमणि पाण्डेय विजय सिन्हा जितेंद्र शुक्ला ताराचंद साहू मनोज शर्मा सतीश कसार ललित विश्वकर्मा सुरेश पटेल महेंद्र गुप्ता दीपक पाण्डेय रोशन दत्ता प्रांजल गौतम हितेंद्र साहू प्रहलाद मिश्रा नीतू कोठारी सीमा साहू वर्षा गौतम ज्योती सिंघानिया रश्मि शर्मा माधवी शर्मा नीति अग्रवाल महेश शर्मा लोकेश्वर शुक्ला द्वारा किया गया। की कथा में अवधेश चंदेल पूर्व विधायक शामिल हुआ।

# भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य परियोजना कार्यक्रम सामग्र शिक्षा रायपुर के आदेश अनुसार राज्य के सभी स्कूलों में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जाना है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों के घर पर बोली जाने वाली भाषा एवं बहुभाषी शिक्षा पर जोर दिया गया है। बहूभाषा को प्रदर्शित करते हुए डाइट के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित कर विभिन्न प्रदेश की भाषा पर चित्रकला करवाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।एवं हर प्रदेश की भाषा को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना और उन्होंने समझा।इस अवसर पर संस्था के प्रमुख रामेश्वर प्रसाद बंजारे एवं शिक्षक चेतन कुमार देवांगन संतोष कुमार यादव लक्ष्मी पांडे अलका वासनिक प्रेमलता मिश्रा देवकी साहू सुनीता बंजारे लक्ष्मी साहू रेणुका अग्रवाल उपस्थित थे।

# अडानी माइंस के कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, नेशनल हाईवे में घंटों चक्का जाम

पायनियर संवाददाता ➤ सुरजपुर
www.dailypioneer.com





सुरजपुर जिले के प्रेमनगर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम तारा में नेशनल हाईवे 130 में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक उदयपुर विकास खंड में स्थित पीईकेबी कोल माइंस (आडानी माइंस) केते परसा का कर्मचारी था। जिसके राहत आपदा राशि तत्काल में मांग को लेकर बड़ी संख्या में रात्रि आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे में चक्का जाम किया है। जिससे सैकड़ों की संख्या में वाहन खड़ी रही, ये जाम करीब 4 घंटे तक रहा, जिससे 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन रही। पुलिस एसडीओपी, एसडीएम के द्वारा समझाइश के बाद आंदोलन शांत हुआ है। गौरतलब है कि प्रेमनगर उदयपुर विकास खंड के ग्राम केते, परसा में स्थिति पीईकेबी कोल माइंस (आडानी माइंस) का कर्मचारी मृतक सुदर्शन यादव उम्र 40 वर्षीय, ग्राम पतुरियाडांड, चौकी मोरगा का निवासी, माइंस में कार्य करके बीते 10 जुलाई को अपने हीरो बाइक स्प्लेंडर प्रो से अपने घर पतुरिया डांड जा रहा था कि तभी ग्राम पंचायत तारा में देर रात्रि करीब 9 बजे रात्रि में बाजारडांड चौक के पास एनएच-130 में सड़क हादसा में दुर्घटना हो गई। जिससे मृतक के दोनों आंख अंदर घुंस गए है। सर के अंदर का दिमाग़ बाहर आ गया था। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मृतक के लिए मुआवजे की मांग करते हुए शव को सड़क में रख कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों के न पहुंचने और उचित आश्वासन न मिलने से आक्रोश बढ़ने लगा, ऐसे करते सड़क में वाहनों की लंबी लाइन लगने लगी और पुलिस स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ने लगा था। करीब रात के 12 बज गए थे। इस बीच फिल्मी स्टाइल में प्रेमनगर एसडीपीओ नरेंद्र पुजारी मौके में पहुंच कर हमर उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू, आम आदमी पार्टी के नेता अभय सिंह राजपूत को पुलिस हिरासत में लेकर भीड़ को छीतर बितर करने की कोशिश करने लगी, इस बीच आंदोलन कारियों ने दो व्यक्ति के गिरफ्तारी को लेकर आंदोलन में डटे रहे, पुलिस के समझाइश, रामानुजनगर एसडीएम, प्रेमनगर तहसिलदार के समझाइश के बाद करीब 1 बजे रात्रि में मामला शांत हुआ, रात्रि में पुलिस, और प्रशासन ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में पीएम करने के लिए शव को भेज दिया था। जिसके सुबह 11 दिसंबर को प्रेमनगर से लेकर कोरबा की पुलिस चप्पे चप्पे में तैनात थी। शव को लेकर माइंस में किसी तरह के आंदोलन ना इसको लेकर पुलिस रक्षित केंद्र सूरजपुर से पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात की हुई थी। शव का पीएम होने के बाद मृतक के घर तक पुलिस पहुंच कर शव को पंच तत्व में विलीन होने के बाद वापस आई है। हमर उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस, प्रशासन अडानी माइंस के कर्मचारी की तरह कार्य करते है। माइंस को तत्काल में सहायता राशि दिया जाना था किंतु प्रशासन उन्हें मौके पर नहीं बुलाई है।

जिस कारण से लंबे समय तक जाम की स्थिति निर्मित था। जबकी माइंस इस क्षेत्र से करोड़ों, अरबों रुपए का प्रतिदिन कोयला तस्करी कर रहा है। आम आदमी बस मरने के लिए है, आम जन के मौत के बाद भी माइंस कुछ नहीं देता है। किसी छोटे कंपनी में नौकरी देकर इतिश्री कर देते है। जबकि मृतक के राहत आपदा राशि मोटी रकम के तौर पर दिया जाना चाहिए था। साथ ही माइंस का रेगुलर एम्प्लोई बनाना चाहिए।

# सक्ती जिले में शिक्षा विभाग का परीक्षा गुणवत्ता अभियान

## परीक्षा गुणवत्ता अभियान में हसौद पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





सक्ती जिले में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश पर सभी विकासखंडों के सरकारी स्कूलों में परीक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा अपनी टीम के साथ सतत संपर्क एवं प्रवास पर पहुंच रहे हैं, तथा सभी स्कूल के प्रमुखों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे रहे है, 09 दिसंबर को संकुल केंद्र चांटीपाली अंतर्गत बेल्हाडीह विद्यालय प्रांगण में न्योता भोज सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संकुल स्तरीय किया गया,जिसमे मुख्य अतिथि अमृत विकास तोपनो कलेक्टर सक्ति, विशिष्ट अतिथि रूपेंद्र पटेल, एस डी एम मालखरौदा, जिला ट्रेजरी अधिकारी सक्ति,नरेंद्र कुमार चंद्रा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ति, तहसीलदार मालखरौदा, एम एल प्रधान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा, श्यामसुंदर तिवारी अध्यक्ष शैक्षिक समन्वयक संघ मालखरौदा, सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक मालखरौदा, संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुख व शिक्षक तथा छात्र/छात्राएं,जनप्रतिनिधिगण व पालकगण विशेष रूप उपस्थित रहें। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा पहुंचे उमावि बालक हसौद। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत कक्षा 12वी एवं 10वी के छात्र छात्राओं से परीक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिले में की जा रही योजना के क्रियान्वयन के स्थिति जानने उमावि हसौद के बच्चों से रूबरू होते हुए उनकी तैयारी की जानकारी प्राप्त किया तथा बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों को कार्य योजना बना कर पढ़ने आवश्यक टिप्स दिए बाद में संस्था के शिक्षकों से भी योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिया जिला शिक्षा अधिकारी ने संस्था द्वारा परीक्षा गुणवत्ता अभियान की जा रही तैयारी पर संतोष व्यक्त किया।

# जो करना है कर लो सामने चुनाव मेरा कौन क्या करेगा?

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर में दिनो दिन बेजा कब्जा बढ़ती जा रही है जहां पर सड़क किनारे कुछ नागरिक शौचालय का सोखता गडढा बना दिया है जो की नाली निर्माण करने में बाधा आ सके जो की अभी पार्षद हैं वह भी कुछ कहना नहीं चाहते सभी को अपना वोट बैंक की राजनीति करने की वजह से सोखता गडढा खोदा जा रहा है। यदि कोई नेता यह बात कहते हैं, कि आपने सोखता खोदे है तो वहीं पर वह अपना कीमती व्होट से वंचित हो जाएगा जिनके वजह से नेता लोग कुछ भी उन मतदाता को नहीं कहना चाहते क्योंकि सभी को नगर पंचायत चुनाव में जितना है। अब कुछ दिन बाकी है जो की नगर पंचायत चुनाव के लिए आचार संहिता लगने जा रहा है इसी के वजह से कोई नेता आज तक किसी को मना नहीं करते चाहे वह गडढा खोदें या नाली को नष्ट करें या सड़क को बर्बाद करें किसी नेता को कोई मतलब नहीं है। केवल अपने स्वार्थ के लिए यह नेता नगर पंचायत जैजैपुर में अनेक अधिकारी आते जाते देख रहते हैं लेकिन वह अधिकारी भी अपना आख मूद कर बैठे हुए हैं ।

इससे उन मतदाताओं का हौसला और बढ़ता जा रहा है जिससे यह कहा जा सकता है जो करना है कर लो सामने चुनाव है ।जिनके कारण कोई भी इन लोगों को कोई कुछ कहना नहीं चाहता आप यह चित्र से ही समझ सकते हैं कि वह मतदाता अपने आप को बहुत बड़ा चालाक समझ रहे हैं जो की बेजा कब्जा करके अपना सोखता गडढा खोदकर अपने आप को परेशानी में डाल रहे हैं। कब शासन बेजा कब्जा अभियान चला सकता है यह कहा नहीं जा सकता। बेजा कब्जा करने वाले अधिकतम चुनाव के समय या छुट्टी के दिन मे ही बेजा कब्जा का कार्य करते हैं ताकि कोई अधिकारी उसे तोड़ ना सके।

# कभी सोचा नहीं था जयमती ने खुद का पक्का मकान होगा, अब नहीं होती सर्दी-बरसात की चिंता

## पीएम आवास योजना से मिले पक्के मकान से जयमती के परिवार को मिला अपना आशियाना

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर
www.dailypioneer.com



खुद का पक्का घर होना सभी का सपना होता है, पर कई बार परिस्थितियों के सामने मजबूर होकर लोग अपने खुद के पक्के घर के सपने को पूरा नहीं कर पाते हैं। जिससे जयमती जैसे कई लोगों का सपना अधूरा रह जाता था पर ऐसे ही अधूरे सपनों को हकीकत में परिवर्तन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई। इस योजना से जयमती और उसके जैसे कई परिवार को सुरक्षित आशियाना मिल पाया है। इस संबंध में कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम बटईकेला में रहने वाली जयमती नायक ने बताया कि पहले उनका पूरा परिवार कच्चे मकान में रहा करता था। बरसात हो या सर्दी हर समय फिक्र बनी रहती थी। बारिश हो तो सोने के लिए जगह की भी समस्या हो जाती थी। घर में आर्थिक समस्या हमेशा बनी रहती थी जिससे हम खुद का घर होने के संबंध में सोच भी नहीं पाते थे। अब जब पीएम आवास योजना के सहयोग से खुद का घर बन गया है तो विश्वास ही नहीं होता है। घर के साथ हमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से धुएं मुक्त जीवन का वरदान एवं महतारी वंदन योजना से स्वावलंबन की राह भी मिली है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सदा आभारी रहेंगे। जयमती के पति कीर्ति नायक ने बताया कि सदियों से वे अपने परिवार के साथ पुश्तैनी कच्चे घर में रहा करते थे। जहां कभी बारिश हुई तो पूरे घर में पानी टपकने लगता था। कोई भी समान घर मे सुरक्षित नहीं होता था। ऐसे में पक्के घर का हम सिर्फ स्वप्न देखा करते थे। गांव में जब सरपंच और सचिव ने पीएम आवास स्वीकृत होने की बात बताई तो हमें विश्वास ही नहीं हो रहा था। अब खुद का पक्का घर होने से हमें बहुत राहत मिल गयी है। अब बारिश हो या सर्दी कोई भी मौसम हो हमें अब चिंता नहीं होती। इसके लिए कीर्ति नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष क्षितिज अग्रवाल को पितृ शोक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष, समाजसेवी क्षितिज अग्रवाल रायपुर के पूज्य पिता राजेंद्र अग्रवाल (उम्र 72 वर्ष) सेवानिवृत अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर 2024 दिन,- बुधवार को सुबह 11:00 बजे उनके निवास रायपुर में हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 11 दिसंबर 2024 दिन- बुधवार को दोपहर 3:00 बजे रायपुर के देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया, उनकी अंतिम संस्कार यात्रा लोहिया कॉलोनी मोवा रायपुर से निकली, जिसमें भारी संख्या में गठमण्य नागरिक एवं परिवारजन मौजूद रहे,राजेंद्र अग्रवाल मृदुभाषी, मिलनसार, प्रखर व्यक्तित्व के धनी तथा धार्मिक विचारों वाले व्यक्ति थे, उनके निधन पर जहां छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच,रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## साइबर विभाग द्वारा संपन्न हुआ साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**सक्ती।** सायबर जागरूकता - साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एक राष्ट्रीय जन जागरूकता प्रयास है, जिसका उद्देश्य साइबर खतरों की समझ को बढ़ाना और जनता को ऑनलाइन अधिक सुरक्षित और सशक्त बनाना है। इसी तारतम्य में जिला पुलिस सक्ती के पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में साइबर सेल सक्ती द्वारा "खाखी किड्स" के नाम से शहर/ग्रामों एवं शासकीय/निजी शैक्षणिक संस्थानों, मेला में जाकर सायबर जन जागरूगता का विशेष अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम को निरन्तर जारी रखते हुए 10.12.24 को हसौद क्षेत्र के ग्राम रनपोटा में चल रहे मेला दौरान सायबर ठगी के संबध में जानकारी दिया गया।

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले युवक को थाना प्रतापपुर पुलिस ने नागपुर महाराष्ट्र से पकड़ा



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

प्रतापपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर उसे वाटसएप पर भेजते हुए सोशल मीडिया में डालने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 509 भादसं, 66(डी), 67(ए) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुराने लंबित मामलों की समीक्षा कर प्रभारियों को फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार कर विधिसंगत निकाल करने के निर्देश दिए थे। थाना प्रतापपुर पुलिस विवेचना के दौरान नई तकनीक की मदद से आरोपी को नागपुर महाराष्ट्र में होने की पुख्ता जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस टीम ने नागपुर महाराष्ट्र विधिवत रवाना हुई और वहां दबिश देकर आरोपी सत्यपाल सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पिदावली, पो. बीलोनी, चौकी चपावली, थाना कंचनपुर, जिला धौलपुर राजस्थान, हाल निवासी कोण्डाली जिला नागपुर महाराष्ट्र को पकड़ा। पूछताछ पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज केरकेट्टा, आरक्षक अवधेश कुशवाहा व अपील चौधरी सक्रिय रहे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन विधायक रायमुनि ने युवाओं को किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा एक दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जिला संग्रहालय में किया गया। इस युवा उत्सव में एकल एवं सामूहिक विज्ञान प्रदर्शनी, सामूहिक एवं एकल लोकगीत गायन एवं लोक नृत्य प्रदर्शन, कविता पाठ, चित्रकला, कहानी लेखन, भाषण एवं मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी 08 विकासखण्डों से आये दलों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक ने सभी युवाओं के कौशल का आनन्द लेते हुए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं को आज युवा होने का सही अर्थ समझने की आवश्यकता है। बिरसा मुंडा से लेकर झलकारीबाई, रानी लक्ष्मी बाई और भगत सिंह इन सभी ने अपनी युवावस्था में ही देश की आजादी में अपना सर्वश्व न्योछावर कर दिया और देश को सही दिशा में ले जाने का कार्य किया। आज के युवाओं को भी अपने परिजनों की जिम्मेदारी और सम्मान के साथ देश की उन्नति के लिए भी आगे आने की आवश्यकता है। देश का विकास का जिम्मा सभी को मिलकर उठाना है। विधायक ने युवा उत्सव के प्रतिभागियों की कलाओं का अवलोकन करते हुए भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारम्भ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह की उपस्थिति में किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक ने भी बच्चों से मुलाकात कर उनकी सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश सिन्हा, शारदा प्रधान, संतोष सिंह, पिंकी लकड़ा, जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, विकासखण्ड परियोजना प्रशासक सिदार, सहायक जिला खेल अधिकारी अजित शुक्ला, नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी सुमेधा पवार सहित सभी विकासखण्डों के प्रतिभागी एवं आम जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस शासित राज्य के मुख्यमंत्री से छरछेद चौबल-हत्याकांड के पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख राशि मुआवजा दिलाने तथा इस प्रकरण को विधानसभा शीतकालीन सत्र में उठाने पामगढ़ विधायक से किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शिवरीनारायण नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शेषराज हरवंश को पत्र प्रेषित कर कांग्रेस शासित राज्य के मुख्यमंत्री से छरछेद के चौबल- हत्याकांड के पीड़ित तीनों परिवारों को 50-50 लाख रुपए की मुआवजे राशि दिलाने तथा इस प्रकरण को विधानसभा सत्र में उठाने का आग्रह किया है। छ.ग.केवट (निषाद) समाज केन्द्रीय समिति शिवरीनारायण के अंतर्गत केवट बाहुल्य ग्राम जोंधरा में मछुआ समाज की अधिष्ठात्री देवी वीरांगना सती माता बिलासा देवी की प्रतिमा अनावरण समारोह के महती अवसर पर विशिष्ट अतिथि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया जी एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक शेषराज हरवंश से नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने वर्ष-2023 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी हादसा कांड में मृतक किसान व पत्रकार के पीड़ित परिजनों को छत्तीसगढ़ के कांग्रेस की तत्कालीन भूपेश सरकार के द्वारा रुपए 50-50 लाख रुपए मुआवजे राशि दिए जाने का जिक्र करते हुए इसी भांति छत्तीसगढ़ की चर्चित छरछेद चौबल-हत्याकांड के मृतकों के पीड़ित परिजनों को कांग्रेस शासित राज्य के मुख्यमंत्री से 50-50 लाख रुपए दिलाने के आग्रह पर विधायक शेषराज हरवंश ने हांमी भरी साथ ही उन्होंने इस प्रकरण को छत्तीसगढ़ विधानसभा-सत्र में उठाने की बात कही तथा उन्होंने यह भी बताया कि वे इस निर्मम हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से मिलने ग्राम छरछेद भी गई थी। इस हेतु डा. कैवर्त्य ने विधायक शेषराज हरवंश का आभार जताया। इसी को दृष्टिगत रखते हुए डॉ. कैवर्त्य ने विधायक शेषराज हरवंश को कांग्रेस शासित राज्य के मान.मुख्यमंत्री से इन तीनों पीड़ित परिवार-जनों को 50-50 लाख रुपए की मुआवजे राशि अतिशीघ्र दिलाने व इस प्रकरण को 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक चलने वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन-सत्र में उठाने हेतु पत्र लिखा है। इसकी प्रतिलिपि प्रेषित कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छत्तीसगढ़ के इस चौबल- हत्याकांड के पीड़ित तीनों परिवार परिजनों को कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री से 50-50 लाख रुपए मुआवजे राशि यथाशीघ्र दिलाए जाने का आग्रह किया है।

## 3100 का वादा कर 2300 में धान खरीद रही सरकार

# धान खरीदी में अनियमितता का आरोप युवा कांग्रेस ने तहसील कार्यालय घेरा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



युवा कांग्रेस जशपुर के द्वारा किसानो के धान खरीदी को लेकर दो दिन पहले अपनी मांग रखी थी जिसके पूरा ना होने की स्थिति मे युवा कांग्रेस जशपुर के द्वारा बस स्टैंड बगीचा से तहसीलदार चौक तक पदयात्रा करते हुए बगीचा तहसील कार्यालय का घेराव किया गया और बगीचा एसडीएम को ज्ञापन सौपा. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जशपुर संजय पाठक ने एसडीएम बगीचा को ज्ञापन सौप कर कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा विधानसभा चुनाव के दरमियां चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर धान खरीदने का वादा किया गया था पर छत्तीसगढ़ सरकार इसके ठीक विपरीत किसानों के साथ अन्य करते हुए 2300 प्रति क्विंटल के दर पर धान खरीद रही है धान खरीदने के लिए बारदाने की भी भारी कमी है,वही टोकन प्रणाली अव्यावहारिक होने की वजह से किसानों की बारी नहीं आ पा रही है तथा तौल में भी भारी गड़बड़ी के चलते दो से ढाई किलो तक अधिक माप किया जा रहा है वही 2100 क्विंटल धान लेने का दावा करने वाली सरकार किसानों का पूरा धान भी नहीं खरीद पा रही है.....

**पडोसी राज्यों से धान लाकर मंडी मे खपा रहे धान बिचौलिए**-जिला अध्यक्ष संजय पाठक ने बड़ा आरोप लगाते हुए यह कहा कि पड़ोसी राज्य उड़ीसा तथा झारखंड से बहुत आयात में यहा अवैध रूप से धान लाकर जिले के धान खरीदी केंदों में खपाया जा रहा है अनाज व्यापारी कोचिये भी अवैध रूप से धान खपाने में लगे हुए हैं छोटे किसानों के धान का सैंपल लिया जा रहा है वही बड़े एवं पहुंच रखने वाले किसानों के धान का सैंपल भी नहीं लिया जा रहा है इस तरह से छोटे किसानों को परेशान करने का काम किया जा रहा है जो कि सरासर गलत है और यह तुरंत बंद होना चाहिए. जो भी ईसमे सम्मलित है उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए....

**किसानो की परेशानी देखते हुए जिला अध्यक्ष ने की मांग**-धान खरीदी में हो रही है अनियमितता को देखते हुए जिला अध्यक्ष संजय पाठक ने प्रशासन से मांग की है कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 के दर पर एक मुश्त भुगतान किया जाए, बारदाने की कमी को दूर किया जाए, टोकन प्रणाली को आसान करते हुए किसानों को राहत मिलनी चाहिए, वही तौल की गड़बड़ी पर कार्यवाही करते हुए पड़ोसी राज्य से आने वाली अवैध धान को रोकते हुए ऐसे व्यापारियों पर कार्यवाही करते हुए किसानों के साथ न्याय करने की कृपा करें...

**महादेवडॉड तथा बगीचा मंडी प्रबंधक को हटाने की कि गई मांग**-युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय पाठक ने बगीचा एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुये बगीचा तथा महादेव डांड के मंडी प्रबंधक को हटाने की मांग की है उन्होंने कहा कि धान मंडी केंद्र कुरांग महादेव डांड और धान मंडी खरीदी केंद्र बगीचा के प्रबंधन के द्वारा व्यापारियों से मिली भगत कर धान का विक्रय किया जा रहा है जिससे किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है धान मंडी खरीदी केंद्र महादेवडॉड के प्रबंधक एवं बगीचा मंडी केंद्र के प्रबंधक दोनों उक्त स्थान पर लंबे समय से पदस्थ है अतः जनहित की भावनाओं को देखते हुए धान मंडी खरीदी केंद्र कुरोंग तथा बगीचा के प्रबंधक हटाने की कृपा करें...... इस कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस जशपुर अजित साय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी फुल्केरिया भगत, देव कृपा यादव, हीरालाल प्रधान,बगीचा ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस जशपुर विवेकानंद दास महंत, बगीचा ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस हेमानंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस सन्ना श्रवण सागर यादव, सरवर अली दीपक एक्का, अंकित गोयल, सुदर्शन विश्वकर्मा, उमेश,रवि, राजकुमार, द्वारिका, विवेक, कपिल, भुनेश्वर, सूरज नाथ एमियंका, नवीन, सिद्धेश्वर राम, संतोष, खिरोधर यादव सम्मलित रहे.

# प्रति क्विंटल में 1 किलो से अधिक धान लेकर किसानो को 62 लाख नुकसान पहुंचा चुके है खरीदी प्रभारी और अधिकारी

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




देवभोग ब्लॉक के 10 उपार्जन केंद्रों में किसानो से 41 क्विंटल 200 से 300 ग्राम अधिक धान लेकर खरीदी प्रभारी और जिम्मेदार अधिकारियों ने किसानो को अब तक लाखों रूपए का नुकसान पहुंचा चुके है गौरतलब हो कि 40 के बोरी में 41 किलो 41 200 ग्राम धान लिया जा रहा है इस हिसाब से बीते बुधवार के धान खरीदी रिपोर्ट अनुसार अब तक देवभोग ब्लॉक के निष्ठीगुडा झिरीपानी झाखरपारा लाटापारा दीवानमुड़ा गोहरापदर घुमड़गुड़ा देवभोग रोहानागुड़ा सहित खोकसरा में 2 लाख 30 हजार 827 क्विंटल धान खरीदी हुई हैं और इस खरीदी में 500 ड्ड500 ग्राम धान अधिक लेकर करीब 2000 क्विंटल धान 10 उपार्जन केंद्रों के किसानो से अतिरिक्त लिया जा चुका है अगर हम 3100 के हिसाब 2000 क्विंटल की गढ़ना करे तो करीब 62 लाख रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाया जा चुका हैं मतलब यह लाखो का खेल आने वाले दिनों मे करोड़ की घोटाला में तब्दील होने की पूरी संभावना है क्योंकि उपार्जन केंद्रों में 41 किलो 200 से 300 ग्राम अतिरिक्त धान प्रभारियों द्वारा लेने की जानकारी स्थानीय अधिकारी से लेकर जिला स्तर के अधिकारी भी अवगत हैं लेकिन इस खेल को रोकने में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है शायद यही वजह है कि केंद्रों के खरीदी प्रभारी आज भी किसानो के बीच यह लुट को अंजाम दे रहे है सबसे खास बात तो यह है कि पखवाड़े भर पहले ही जिला पंजीयक देवभोग ब्लॉक उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया रहा मगर किसानो को लाखों का चुना लगाने का खेल सामने नहीं आ पाया जबकि स्टॉक रजिस्टर सहित खरीदी रिपोर्टें के अलावा तौलाई भी देखा लेकिन तौलाई किए धान बोरी की पुनः तौलाई करने की जहमत नहीं उठाया शायद यही वजह है किसानो को छलावा करते लाखो रूपए के खेल का सच सामने नहीं आ पाया इसी तरह अधिकारी स्थानीय तहसीलदार एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों का उपार्जन केंद्रों में धमक पर कोई कार्यवाही या सुधार देखने को नहीं मिलता ऐसे में किसान भी छलावा को स्वीकार करने में मजबुर हो जाते है।

**सूखती से बचने धान लेने का झांसा :** 500 - 500 ग्राम अधिक धान लेने से पहले किसानो को 2 से 5 माह उपार्जन केंद्र धान रखने उसकी देखभाल पानी बरसात में धान खराब होने और धुप में सूखती आने और समिति का संचालन जैसे कई तरह के बहाना के झाल में किसान को फंसाया जाता है जिसे सुनकर किसान भी व्यवहारिक तौर पर खुशी खुशी अतिरिक्त धान देने को बाध्य होने की बात कहते है मतलब सूखती का रोना रो कर किसानो के बीच 500 500 क्विंटल धान की अतिरिक्त लूटने में बिल्कुल भी पीछे नहीं है जिसे लेकर आज पायनियर की टीम ने कुछ केंद्रों की हकीकत जानने पहुंची जहां घुमड़गुड़ा में 41 किलो 160 ग्राम ग्राम एवं खोकसरा 41किलो 290 ग्राम इसी तरह झिरिपानी उपार्जन केंद्र में 41किलो 200 ग्राम धान तौलाई करते मिला इसी तरह लगभग सभी उपार्जन केंद्र में आसानी के साथ किसानो से छलावा करते देखा जा सकता है इससे जिला अधिकारी भी भली भांति अवगत हैं फिर ना कोई कार्यवाही होता है और ना किसी प्रकार सुधार ऐसे में बेबस किसानो को किस तरह सहुलियत मिल सकता है।

**अल्टी पलटी के दौरान होता है खेलः** कई किसान अपने पट्टे में 1 क्विंटल 4 क्विंटल तक की धान छोड़ देते है और उक्त किसान को सेटिंगबाज कर्मचारी बहला फुसलाकर बचे धान को कागज में खरीदी बता देते है और अंतिम अल्टी पलटी के दौरान किसानो से लिए 500 ड्ड500 ग्राम को मैनेज करने की बात भी कहते है सूत्रों द्वारा कहा जाता हैं सूत्रों का तो यह भी मानना है कि खरीदी केंद्रों के कई कर्मचारी किसानो अपने झांसे मे लेकर उनका पट्टा रख लेते हैं हालांकि नाम नहीं छापने के एवज में एक कर्मचारी ने स्वीकार करते हुए कहा कि पहले यह खेल होता था और खेल का तार उपार्जन केंद्र से लेकर जिम्मेदार अधिकारी तक भी जुड़ी होती हैं लेकिन इस बार तस्वीर साफ नहीं होने की बात कही है ऐसे में उपार्जन केंद्रों से लाखो के घोटाला को अंजाम दिया जाता है फिर भी मंत्री कलेक्टर सहित तमाम लोगों के बीच सूखती का रोना रोया जाता है ताकि इस घोटाला को छुपाया जा सके।

# भारतीय भाषा उत्सव 2024: कलिंगा विश्वविद्यालय में भाषाई विविधता और एकता का जश्न

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षा विभाग ने 9 से 11 दिसंबर 2024 तक भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भाषाई विविधता पर एक सप्ताह तक चले उत्सव के समापन का प्रतीक था, जिसमें महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर उनकी विरासत का सम्मान किया गया। इस वर्ष का विषय, भाषाओं के माध्यम से एकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो मातृभाषा आधारित शिक्षा और बहुभाषावाद की वकालत करता है। भारतीय भाषा उत्सव भारत की भाषाई विरासत पर गर्व करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, साथ ही राष्ट्र को बांधने वाली भाषाओं की विविधता के प्रति प्रशंसा को बढ़ावा देता है। शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता डॉ. श्रद्धा वर्मा के मार्गदर्शन में तथा हर्षा शर्मा द्वारा संयोजित एवं गुलसन कुमार बेहरा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से भारत की भाषाई विविधता को बढ़ावा देना तथा एकता को बढ़ावा देना था। मुख्य आकर्षणों में प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, भाषा मेला और पारंपरिक कला रूपों का प्रदर्शन करने वाला सांस्कृतिक समापन समारोह शामिल था। भारतीय भाषा उत्सव 2024 ने भारत की सांस्कृतिक पहचान को आकार देने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में भाषाओं की आवश्यक भूमिका को रेखांकित किया। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा बी+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो लगातार तीसरे वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में एनआई आरएफ रैंकिंग में शामिल है। छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाले बहुविषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वैश्विक मानदंडों के अनुसार छात्रों में नवाचार पैदा किया जा सके और नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिक की भावना विकसित की जा सके।

# निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 2024-25 के तहत विकासखंड सरायपाली में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वयोवृद्ध कार्यक्रम तथा एनएसडी कार्यक्रम के तहत उच्च रक्तचाप, शुगर जांच के प्रथम चरण में 7 दिसंबर 2024 से 22 दिसंबर 2024 तक मितानिन और स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है सर्वे से प्राप्त संदेहास्पद मरीजों को त्वरित जांच एवम् ईलाज की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त सर्वे में मरीजों का चिन्हांकन लक्षणों के आधार पर होगा जैसे कि टीबी का मुख्य लक्षण 15 दिन से अधिक की खांसी आना, वजन में लगातर कमी होना, ज्यादातर शाम को बुखार आना, गर्दन में गांठ होना है। यदि आपके आसपास ऐसे लक्षण वाले व्यक्ति दिखाई देते हैं तो सर्वे टीम को अवगत कराएं टीबी व कुष्ठ अब असाध्य रोग नहीं है यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो मरीज पूर्ण स्वस्थ हो जाता है टीबी के संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर एक्सरे व सीबीनॉट जांच किया जायेगा साथ ही सैंपल कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन हेतु मरीज का स्पॉट सैंपल लेकर डीएमसी भिजवाने की व्यवस्था किया गया है। इसके साथ 60 साल से ऊपर व्यक्ति जो चलने फिरने में सक्षम नहीं है उसकी सूची समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वे दल को सहयोग करें। उपरोक्त जानकारी टी आर धृतलहरे खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी के द्वारा दिया गया।

# बच्चों के विकास को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या हैं बाल विवाह, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम चला रहे है निरंतर जागरूकता अभियान

## शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में बाल विवाह प्रतिषेध के लिए कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सत्यनारायण राठौर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा में बच्चों को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बाल संरक्षण टीम ने बाल विवाह विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए प्रभावी रोकथाम हेतु जिले में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार, ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम हो) और वधू (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो) शामिल हों, बाल विवाह माना जाएगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके पीछे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग जैसे विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसे समाप्त करने के लिए विमर्श और जागरूकता के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार करना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसे रोकने के लिए सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर जन जागरूकता बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**बाल विवाह करने तथा करवाने वाले को होगी सजा-** जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि यदि 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष 18 वर्ष से कम आयु की महिला से विवाह करता है, तो उसे 2 वर्ष तक की कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपये तक जुर्माना, या दोनों सजा दी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, जो व्यक्ति बाल विवाह करता है, करवाता है, या इसमें सहायता करता है, उसे भी 2 वर्ष तक की कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपये तक जुर्माना, या दोनों से दंडित किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र, गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कामती सिंह परिहार प्राचार्य शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, राजाराम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, विभा बक्शी परिवीक्षा अधिकारी, अविनाश सिंह ठाकुर परामर्शदाता, सुरेश साहू परमेश्वरी धुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता, महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन, नितिन किशोरी वर्मा, विनय कुमार जंघेल आउट वर्कर, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव सुपरवाइजर चाइल्ड हेल्प लाइन एवं महाविद्यालय सहसपुर लोहारा के प्राध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर एसपी ने झाड़ू लगा कर दी स्वच्छता अभियान का संदेश



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित बाजार स्थल एवं ऑडिटोरियम के समीप श्रमदान किया गया। जिसमें कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, संभागीय सेनानी अंबिकापुर राजेश पांडे, नगर सेनानी बलरामपुर शिव कुमार कठूतिया, संयुक्त कलेक्टर आर.एन पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी अमित श्रीवास्तव सहित नगर सेना के जवान सफाई अभियान में शामिल हुए। कलेक्टर एसपी ने झाड़ू लेकर सफाई अभियान में भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए लोगों को अपने आस-पास सफाई रखने की प्रेरणा दी गई। राज्य सरकार की सुशासन अंतर्गत सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने स्वच्छता अभियान में संयुक्त भाग लेकर संदेश दिया है कि प्रशासन और पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज के अन्य महत्वपूर्ण विषयों में भी सक्रिय है। साथ ही अभियान में जनभागीदारी को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे मुद्दों पर जनता को जागरूक करने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।

# डॉ. लाल उमेद सिंह ने संभाला रायपुर एसपी का पदभार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के नए एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पदभार संभाला। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली और एसपी कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर के पूर्व एसएसपी संतोष सिंह ने डॉ. लाल उमेंद सिंह का स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह का रायपुर से पुराना नाता है। वे इससे पहले राजधानी में दो बार एडिशनल एसपी के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पहली बार वे जनवरी 2007 से मार्च 2009 तक रायपुर में पदस्थ रहे। इसके बाद अप्रैल 2010 से सितंबर 2013 तक उन्होंने रायपुर में एडिशनल एसपी के रूप में काम किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में एसपी उमेंद सिंह ने क्राइम कंट्रोल को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि समय के साथ अपराध के तरीकों में भी बदलाव आया है, इसके हिसाब से पुलिसिंग होगी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गुंडागर्दी करने वाले आदतन बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा और चाकूबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साइबर क्राइम को भी बड़ी चुनौती माना है। साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक होने की अपील की है।

# रीजनल लेवल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा रीजनल लेवल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार एवं छत्तीसगढ़ से स्कूली छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन से पारुल कंसल्टेंट आईईसी एवं एमएस ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समितिके अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई दिया। संयुक्त संचालक वित्त पूजा मिश्रा एवं संयुक्त संचालक आईईसी ने क्विज की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। निर्णायक हाशिम खान उपसंचालक एवं कविता पटेल पाथ ने क्विज का मूल्यांकन किया। डॉ शबाना सिद्दीकी ने मंच संचालन किया। क्विज प्रतियोगिता में बिहार राज्य की टीम प्रथम, मुंबई राज्य द्वितीय, छत्तीसगढ़ राज्य तृतीय एवं महाराष्ट्र को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय पुरस्कार 30000, तृतीय पुरस्कार 20000 एवं 10000 रुपए राशि सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संबंधित राज्यों से एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारी, नोडल शिक्षक एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अन्य अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## एसआई भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रायपुर।** एसआई की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम हो रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 21 नवंबर 2024 तक आवेदन मंगाए गए थे। कैबिनेट में फैसले के बाद अब ऊंचाई व सीने के माप को लेकर एसटी उम्मीदवारों को छूट दी गई है। इसके अनुसार फिर से आवेदन का अवसर दिया गया है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। 25 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। सभी वर्ग के युवा जो पहले आवेदन नहीं कर पाएं हैं वे भी फॉर्म भर सकते हैं। इसी तरह जो आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ पुलिस में कुल 341 पदों पर भर्ती होगी। इसमें सबसे अधिक 278 पद एसआई के हैं। इसके अलावा 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल है। सूबेदार, एसआई, एसआई (विशेष शाखा) और प्लाटून कमांडर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक है। इसी तरह एसआई (अंगुल-चिन्ह), एसआई (प्रश्नाधीन दस्तावेज) के लिए गणित, भौतिकी, रसायन के साथ बीएससी या समकक्ष। एसआई (कंप्यूटर) और एसआई (साइबर क्राइम) के लिए बीसीए या बीएससी कंप्यूटर या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

## व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2023 के परिणाम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के लिए कुल 49 पदों पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा का अंतिम चयन सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा का परिणाम 25 अगस्त 2024 को जारी किया गया था, जिसमें विज्ञापित पदों का तीन गुना यानी 147 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया जाना था। परंतु वर्गवार, उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के अनुसार 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। उक्त पदो के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया 02 दिसंबर 2024 से 11 दिसंबर 2024 के बीच आयोजित की गई। साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित 151 अभ्यर्थियों में से 1 अनुपस्थित रहे और कुछ अनर्ह पाए गए, जिससे कुल 150 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

## विशेष पहल के तहत जिले में पहली बार कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

# जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को मिला उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिले में उच्च जोखिम के अंतर्गत आने वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव तथा प्रसव से पूर्व एवं पश्चात किए जाने वाले देखभाल को लेकर जिला अस्पताल बलौदाबाजार के सभाकक्ष में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के प्रशिक्षण बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जिले में पहली बार विशेष पहल के तहत यह कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को रोकने तथा उच्च जोखि़म गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व प्रदान करने बाबत जिले में यह अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें सात स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बारी-बारी से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया ।मातृत्व स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल ने उच्च जोखि़म गर्भावस्था के कुछ लक्षण बताया जैसे अधिक उम्र का होना, छोटा कद, पहले से ही रक्त स्राव, बच्चों की गलत प्रस्तुति, पूर्व में गंभीर प्रसूति की जानकारी, हृदय रोग संबंधी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गंभीर एनीमिया, जुड़वा बच्चे का होना, लंबी गर्भावस्था, कोई चिकित्सा विकार स्थिति में आने वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि यदि महिला ने अपनी गर्भावस्था के दौरान अपनी पूरी चार बार जांच करवाई है तो महिला के बारे में यह प्रकट हो जाता है कि क्या वह उच्च जोखिम में आएगी। कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने सुरक्षित मातृत्व प्रबंधन के संबंध में विविध प्रकार के आवश्यक बिंदुओं की चर्चा करते हुए उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रशिक्षण दिया। इसमें डेमो के माध्यम से भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि प्लेसेंटा प्रीविया अर्थात बच्चे जिसमें रहता है वह थैली निचले हिस्से में आ गई है तो वह सर्विक्स को जाम कर देता है जिससे जच्चा-बच्चा दोनों को खतरा रहता है ऐसी स्थिति में सोनोग्राफी अनिवार्य रूप से अगर हो जाए तो इस स्थिति के लिए तैयारी की जा सकती है। ऐसे ही यदि गर्भवती महिला को उच्च रक्त चाप है तो उसे झटके आ सकते हैं और समय से पूर्व प्रसव हो सकता है। महिला को यदि 140/90 से अधिक रक्तचाप है तो निगरानी और दवाई की आवश्यकता होती है। खतरे की एक जटिल स्थिति गर्भावस्था के दौरान तथा प्रसव के समय रक्तस्राव की है । कई बार यह देखा गया है कि,500 मिली से अधिक रक्त प्रसव के समय स्रावित हो जाता है ऐसे प्रकरणों में जान भी जा सकती है। इसके लिए स्त्री रोग विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बैलून टेंपोनाट का उपयोग करना भी सिखाया, जिसमें रक्तस्राव की स्थिति में इसका प्रयोग कर कुछ समय के लिए रक्तस्राव को रोका जा सकता है ताकि उच्च संस्था में ले जाने बाबत समय मिल सके ।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है, जबकि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची 13 दिसंबर को प्रकाशित होगी। इसके बाद, 16 और 17 दिसंबर (शनिवार-रविवार) को अवकाश रहेगा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**
**ई-टेंडर नोटिस नं.:TRS-BIA-24-25-U-D-15**
**कार्य का नाम :** इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में 3- फेज और कन्वेंशनल लोकोमोटिव्स के ट्रैक्शन मोटर और विभिन्न घटकों को 2 वर्षों के लिए खोलना/विसंयोजन/ उतारना, सफाई और पेंटिंग हेतु । **काम की लागत :** रुपये-73,81,060.15 (रुपये: तिहत्तर लाख इक्यासी हजार साठ और पन्द्रह पैसे मात्र). **बोली सुरक्षा/ बयाना राशि जमा :** रुपये-1,47,700/- (रुपये: एक लाख सैंतालीस हजार सात सौ मात्र) **कार्य की पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 माह. **निविदा समाप्ति की तिथि और समय :** 07.01.2025 को 11:30 बजे। वेबसाईट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते है: http://www.ireps.gov.in
सहा. मण्डल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.)
द.पू.म.रेलवे, भिलाई
PR/R/TRS/AAA/186
South East Central Railway @secrail

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I SHRIYANSH MAHILANGE S/O GEETA RAM MAHILANGE R/O Makan-No-84 Harijanpaara Badadarha Kanwali Dabhara Chhattisgarh-495695,name of mine and my-father has been wrongly-written as SRIYANSH MAHILANGE and G R MAHILANGE in my 10th-Marks-Statement Cum Certificate.The actual-name of mine and my-father are SHRIYANSH MAHILANGE and GEETA RAM MAHILANGE.
PD(1067)A

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **कुमारी बेवा रोहित साहू, जाति-तेली, निवासी ग्राम-लेंजाखार, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम** के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि **ग्राम-लेंजाखार, प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. बोड़ला, तहसील-बोड़ला** स्थित भूमि ख.नं. **229/2 रकबा 0.194 हे.** भूमि को **कृषि** प्रयोजन से **औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई ऐश ब्रिक्स)** हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 19.12.2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
**जारी दिनांक - 02.12.2024**
**पेशी दिनांक - 19.12.2024**
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला



विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
सुशासन और विश्वास के
जनादेश के 1 वर्ष
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री जेपी नड्डा जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर
हार्दिक अभिनंदन...
जनादेश
परब
विशाल जनसभा
दोपहर 02:00 बजे
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर
श्री जेपी नड्डा जी
के करकमलों द्वारा
स्मृति मंदिर
का
लोकार्पण
सायं 04:30 बजे
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय
कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर, छत्तीसगढ़
स्मृति मंदिर
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

# छात्र भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को बचाये रखे : जितेंद्र वर्मा

पायनियर संवाददाता < पाटन
www.dailypioneer.com



वार्षिक स्नेह सम्मेलन छात्र-छात्राओं के वर्ष भर में किए गए कार्यों का मापदंड होता है। देश के भविष्य छात्र है। युवाओं के सर्वांगीण विकास से देश का विकास होगा। युवा ही देश की भविष्य है। असफलता से ही सफलता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त विचार स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने व्यक्त किया। जितेन्द्र वर्मा ने छात्रों को आह्वान किया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे आए। छात्रों को भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को बचाए रखने के लिए समर्पित होना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने कहा कि छात्र आत्मनिर्भर होकर अपने लक्ष्य को पूरा करें। वार्षिक स्नेह सम्मेलन के माध्यम से आंतरिक मन को सुदृढ़ करें। जीवन की अच्छाई को ग्रहण करें। कार्यक्रम के विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन लालेश्वर साहू ने कहा कि महाविद्यालय का क्रमशः विकास होना हर्ष की बात है। छात्र अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि इस तरह की आयोजन से छात्रों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास होता है। महाविद्यालय अभी शैशवकाल में है, क्रमशः विकास होगा। हमें समस्याओं से डरना नहीं है बल्कि सतत् आगे बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र उद्घाटन समारोह का उद्घाटन जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने किया। उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य धनराज साहू, श्रीकांत चंद्राकर, संजय यादव, महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. आलोक शुक्ला एवं चंदन गोस्वामी उपस्थित थे। वार्षिक स्नेह सम्मेलन में लोकमणी चंद्राकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष, दिलीप साहू, धनराज साहू, नारद साहू, संजय यादव, हेमलता चंद्राकर, भगवती साहू, चंद्र प्रकाश साहू, देवेंद्र चंद्राकर, संजू साहू, गोकुल वर्मा, तरुण देवांगन, टिकेंद्र वर्मा तथा प्रेमलता चंद्राकर उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, समुह गायन, वादन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं मिमिक्री प्रतियोगिता संपन्न हुई। सांस्कृतिक कायक्रम का संचालन तिमिषा बीएससी द्वितीय वर्ष एवं मुस्कान साहू बीए प्रथम सेमेस्टर ने मंच संचालन किया। एकल गायन में पुरुषोत्तम निषाद बीए प्रथम सेमेस्टर ने - छत्तीसगढ़ महतारी गीत प्रस्तुत किया। अंकित लडवन बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने - मन में उतारू तेरी आरती गीत प्रस्तुत किया। मोनिका पल भी का प्रथम सेमेस्टर ने - अंबर से तोड़ा सूरज को प्यारा गीत प्रस्तुत किया। वंदना चतुर्वेदी बीकाम प्रथम सेमेस्टर ने अचुतम रामवन गीत प्रस्तुत किया। तबला वादन में डगेश्वर निषाद बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रस्तुति दी। एकल नृत्य में मुस्कान साहू बीए प्रथम सेमेस्टर ने मनवा लागे रे रीमिक्स गीत पर पर नृत्य प्रस्तुत किया। समूह नृत्य में - रूपाली बीए द्वितीय वर्ष, दिशा बीए तृतीय वर्ष, सोनिया बीकॉम द्वितीय वर्ष ने तरी हरी नना, सुआ नृत्य, राउत नृत्य में प्रस्तुत किया। मनीषा, दुर्गेश्वरी, डिलेश्वरी बीए प्रथम सेमेस्टर ने बावन गज का दमन रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। उमा, देवकुमारी, थानेश्वरी बीए प्रथम सेमेस्टर ने मचांदूर छत्तीसगढ़ी रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। नेहा निषाद, गीता बीए तृतीय वर्ष, चांदनी निषाद, पलक ठाकुर बीए द्वितीय वर्ष ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स सॉन्ग सरगुजा नाचे पर नृत्य प्रस्तुत किया। शेष कुमारी, केंवरा, खुशबू, काजल, दीपमाला बीकाम प्रथम सेमेस्टर ने बैरी नैना, लाल गुलाबी छत्तीसगढ़ी रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। केंवरा, खुशबू बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने उड़ी उड़ी जाए रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। टिमेश्वरी, लक्ष्मी, गुलशिता, भूमिका बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने सारे जहां से प्यारा मेरा भारत की बेटी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। तेजस्वी, रंजना, वंदना, गीतेश्वरी, तुलसी बीएससी द्वितीय वर्ष ने नवारी मराठी रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। चेतन सिन्हा, वेदिका, देविका, तिमिषा, लक्ष्मी सिन्हा, ओमवर्मा, दुर्गेश कुमार वर्मा, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने नीमा नीमा आदिवासी रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। दुर्गेश कुमार वर्मा, दीपक कुमार बीएससी तृतीय वर्ष, उमाशंकर बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र मैं तो सेहरा बांध के आऊं हिंदी रीमिक्स गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। नाटक में - ÷लालच से बुरी भला÷ छात्र में पुरुषोत्तम निषाद, डगेश्वर निषाद बीए प्रथम सेमेस्टर, उमाशंकर बीएससी द्वितीय वर्ष, दुर्गेश कुमारवर्मा बीएससी तृतीय वर्ष ने नाटक प्रस्तुत किया।

# पटरी पार सक्ती नगर तालाब सफाई के लिए कमिश्नर और पार्षद ने बढ़ाया हाथ

## स्थानीय लोगो के साथ साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम शहर सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूरा होने पर पटरीपार वार्ड क्रमांक 17 स्थित शक्ति नगर तालाब में कमिश्नर सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में वार्ड पार्षद देवनारायण चन्द्राकर एवं स्थानीय लोगो संग सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।कमिश्नर अग्रवाल व पार्षद सहित निगम कर्मियों के संग स्थानीय लोगो ने भी सफाई में हाथ बटाया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान किया गया जिसमें तालाबों के किनारे सफाई किया गया।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगो को तालाब को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। साथ - साथ रहवासी अपने आस-पास गंदगी को साफ रखने का संकल्प लिया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि सफाई व स्वच्छता को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। लोगों को चाहिए कि कचरा यहां-वहां फेंकने के बजाए सूखा और गीला अलग अलग कर निगम के स्वास्थ्य कर्मी को देना चाहिए। वार्ड क्रमांक 17 शक्ति नगर तालाब सफाई के लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल और पार्षद देवनारायण चन्द्राकर ने स्थानीय लोगो के साथ बढ़ाया. हाथ साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश।इस दौरान स्वस्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, राहुल,कुणाल सहित वार्ड नागरिको मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में जलस्त्रोतों को बचाना बेहद जरूरी हो गया है। लोगों को चाहिए कि कचरा तालाबों अथवा जलस्त्रोतों में नहीं डाले। सफाई अभियान के दौरान तालाब के कचरा और पॉलीथिन निकाला गया।उन्होंने कहा तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने कमिश्नर ने आम नागरिकों से अपील की।

# बेहतर कार्य प्रणाली के लिए सम्मानित किए गए प्रतीक सिंह

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी,राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट एवं अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे इस दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह को तेलंगाना राज्य प्रभारी के रूप में बेहतर कार्य के लिए कन्हैया कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्य की सराहना की गई। प्रतीक सिंह ने कहा कि मेरे लिए गौरव की बात है की देश के विभिन्न राज्यों में मेरी पहचान रामानुजगंज नगर से है। एनएसयूआई में महाविद्यालय स्तर से राजनीति की शुरुआत करते हुए मुझे राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का मौका मिला वहीं आठ माह पूर्व तेलंगाना राज्य के संगठन के प्रभारी के रूप में मुझे कार्य करने का मौका मिला जहां मैं एनएसयूआई के सदस्यता अभियान में अब तक सबसे अधिक सदस्य बनाया तो वही एनएसयूआई के द्वारा छात्रहित में कई कार्यक्रम कराय जिसकी सराहना राष्ट्रीय प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा की गई। हैदराबाद विश्वविद्यालय पहली बार तो दिल्ली विश्वविद्यालय में सात साल बाद मिली जीत -हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में प्रतीक सिंह के नेतृत्व में पहली बार सेंट्रल पैनल में एनएसयूआई ने एक पद पर जीत हासिल की। साथ ही देश के सबसे बड़े दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के नेतृत्व में प्रतीक सिंह ने दिल्ली के कॉलेजों में 15 दिन लगातार मेहनत किया जिसका परिणाम सात साल बाद एनएसयूआई ने अध्यक्ष पद सहित संयुक्त सचिव के पद पर जीत हासिल की।

# गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं नगर निगम ने शुरू की जुर्माना कार्रवाई

## नगर निगम ने सफाई को लेकर समझाइश की,पांच दुकानदारों से जुर्माना वसूला

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों का चालान काटा। इस दौरान वार्ड नबर 32 क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों से 13000 का चालान वसूला। साथ ही दुकानदारों को नियमित रूप से साफ सफाई रखने और गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए समझाइश की गई।कार्रवाही के दौरान सफाई दरोगा सुरेश भारती के साथ स्वास्थ्य विभाग टीम अमला मौजूद रहें। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि गन्दगी फैलाने पर शहर में विभिन्न स्थानों पर चालान की कार्रवाई शुरू की गई है।गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं,नगर निगम ने शुरू की चालानी की कार्रवाई।सुबह कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुर्माना गंदगी फैलाने और निर्माण मटेरियल सड़क फैलाने पर किया जाए।निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने साफ कहा कि गंदगी फैलाने वालों से एवं भवन निर्माण सामग्री रखने वालों से जुर्माने की राशि वसूली करें। बता दें कि कार्रवाई दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, बाजारों में गंदगी फैलाने वाले, कचरा को एकत्रित न कर इधर-उधर फेंकने वालों, गीला-सूखा कचरा अलग-अलग नहीं देने वालों, खाली भूखंडों में कचरा फेंकने और उसे जलाने वालों और मकान तोड़फोड़ से निकलने वाला सी एंड डी इधर-इधर न फेंके।इस पर निगम ने सख्ती से रोक लगाई है। नगर निगम के निर्देश का उल्लंघन करने वालो पर कार्रवाही के साथ जुर्माना वसूला जाएगा।

# समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण कार्यो में लेट लपेती : आयुक्त हुए सख्त

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यो के विषयों पर विस्तृत चर्चा हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से अधोसंरचना, राज्य प्रवर्तित, सांसद निधि, विधायक निधि, पार्षद निधि, मूलभूत एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किए है, कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है, वह गुणवत्तापूर्ण के साथ समय अवधि में पूर्ण की जाए। आयुक्त ने प्रातः भ्रमण कर अलग-अलग जोन क्षेत्रो का निरीक्षण किए है उन्होने मौके पर अधिकारियो द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का मॉनिटरिंग किए थे। सभी अधिकारियो को निर्देशित किए थे, जो भी कमी हो रही है उसका तत्काल निराकरण किया जाए। बैठक में अलग-अलग विभागो से कराये जा रहे विकास कार्यो के संबंधित अधिकारी से कार्य की प्रगति की स्थिति की जानकारी प्राप्त किए। जो भी ठेकेदार कार्य में विलम्ब कर रहे है, या कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं कर रहे है या कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उन ठेकेदारो को बैलैक लिस्ट करने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। आयुक्त ने कहा नए कार्यो के लिए प्रस्ताव बनाने से लेकर कार्यादेश होने एवं कार्य पूर्ण होने की प्रक्रिया समय सीमा में होनी चाहिए।

# लगातार तीन वर्षों से मार्शल आट्र्स, बेस्ट कोच का नेशनल अवार्ड मिलने पर महापौर धीरज बाकलीवाल व सभापति द्वारा ट्राफी देकर किया सम्मान



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम महापौर कक्ष में मार्शल आर्ट फुल कान्टैक्ट कराते व किक बॉक्सिंग के ख्याति प्राप्त गुरु सेनसाई गिरी राव के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मार्शल आट्र्स के क्षेत्र में फुल कान्टैक्ट कराते व गर्ल सेल्फ डिफेंस के लिए लगातार तीन वर्षों से 2021,2022 एवं 2023 वर्ष को बेस्ट कोच का नेशनल अवार्ड मिलने पर पूरे छत्तीसगढ़ के साथ दुर्ग शहर को भी गिरी राव जी ने गौरवान्वित किया इसके लिए दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ने सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ सभापति राजेश यादव, पार्षद अरुण सिंह, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी,संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, जमुना साहू, शंकर ठाकुर, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, अमित देवांगन, राय सिंह डिकोला एवं संस्था के प्रशिक्षक गण राम कुमार पाण्डेय,मनोज नेताम व समाज सेवी राकेश ठाकुर, हरीश साहू मोहम्मद शमीम उपस्थित थे।सेनसाई गिरी राव को सभापति ने माला पहनाया वहीं महापौर धीरज बाकलीवाल ने गिरी राव को शाल पहनाकर श्रीफल दिया।

महापौर, सभापति एवं पार्षदों ने मिलकर उन्हें नगर निगम दुर्ग कि ओर से ट्राफी देकर सम्मानित किया पश्चात महापौर ने गिरी राव को शहर का गौरव बताया अन्त में गिरी राव जी ने अपने सम्मान के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल व समस्त उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह में शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय ने दिखाई अपनी प्रतिभा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर में आज पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएड और एम.एड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति बलदेव भाई शर्मा जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक आदर्श शासक होने के साथ-साथ एक महान समाज सुधारक भी थीं। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे अहिल्याबाई होल्कर ने मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने राज्य को समृद्ध बनाया और लोगों के जीवन में सुधार लाया। उन्होंने अपने भाषण में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, आलोक शर्मा ने महाविद्यालय के मुख्य ध्येय और प्रेरक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाविद्यालय के संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे यह महाविद्यालय शिक्षकों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ डी के बोदले ने किया। उन्होंने अपनी कुशलता से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। छात्र-छात्राओं ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित निबंध, चित्रकला और रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए।

# श्रमदान से शुरुआत करके वार्डो में जाकर खुद पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की आयुक्त ने

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र पावर हाउस टी मार्केट में शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में श्रमदान करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए। वहां उपस्थित व्यापारीगढण, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाए। सभी से कहा प्रतिदिन अपने आस-पास की सफाई निरंतर करें। नगर निगम भिलाई अपने सफाई अमले के साथ टीम लगा कर अपना सफाई में योगदान दे रही है। आप सभी लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें। यही अपेक्षा है कि नालियों में कचरा ना फेके निगम के सफाई मित्र को ही दुकानों से निकलने वाले कचरे को दें। खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा बालकनाथ उद्यान का निरीक्षण किए। वहां पेड़ पौधो की कटाई-छटाई, ट्रिमिंग, सिंचाई व्यवस्था की निरीक्षण किए। अधिकारियो को निर्देशित किए कि उद्यान हरा-भरा रखना है। साथ ही तालाब की सफाई वहां पर लगे पोल, लाईट व्यवस्था व मोटर पम्प को भी देखे और लाईट को लगातार चालू न रखने व मोटर पम्प को तत्काल संधारण के निर्देश दिए। वहां से होते हुए लक्ष्मण तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे वहां आम नागरिकों एवं सफाई करने वाले सफाई कर्मचारी से पूछे कि प्रतिदिन साफ -सफाई की जाती है या नहीं। कर्मचारियो ने बताया कि प्रतिदिन साफ-सफाई की जाती है। वहां से होकर खुर्सीपार क्षेत्र के वार्डो का निरीक्षण करने पहुंचे, वहां के लोगो से मिले। इसी दौरान नगर निगम का वाटर चेक पोस्ट से पानी का सप्लाई चालू था ।उसको पी करके गुणवत्ता की जांच किया साथ में स्थानीय नागरिकों से भी पूछे कि आपका जो पानी आ रहा है और साफ सुथरा, पीने योग्य है या कुछ कमी दिखता है। सभी ने कहा अभी पानी अभी ठीक आ रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये की पानी का सैंपल अलग-अलग जगह से लिया जाए उसका परीक्षण लेबोरेटरी से भी किया जाए। और सफाई व्यवस्था एवं पानी सप्लाई के बारे में जानकारी प्राप्त किए। घरों में सप्लाई होने वाले पानी की अपने पी करके जांच किए, पानी में किसी प्रकार की अशुद्धि नहीं पाई गई। वहां से होते हुए छावनी तालाब का निरीक्षण करने पहुचे और पहुंचते ही तालाब की सफाई, लाईट, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किए।

## भूमिपूजन के दौरान विधायक एवं महापौर का पार्षद सहित स्थानीय लोगो ने आभार व्यक्त किया

# विधायक-महापौर ने मीनाक्षी नगर में देवांगन समाज भवन और डिपरा पारा में नाली,सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने डिपरापारा में मूलभूत सुविधाओ का विस्तार करने वार्ड 39 एवं बोरसी वार्ड क्रमांक 53 मीनाक्षी नगर वार्डवासियों के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,पार्षद पुष्पा गुलाब वर्मा, शिवेंद्र परिहार, नरेंद्र बंजारे, चंद्रशेखर चंद्राकर, मनीष साहू, उपअभियंता करण यादव,जग्गी शर्मा, द्वारिका साहू, चैनसुख भट्टड, पुनीत गायकवाड़, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, टीकम चंद्राकर, सरस्वती साहू, कुमारी सिंगारे, पुष्पा पाण्डेय, हुमन देशमुख, हेमंत देवांगन, रामदयाल साहू, विशाल यादव, गुलाब वर्मा, दशरथ निर्मलकर सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।बोरसी एवं डिपरापारा वार्ड में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार हेतु वार्ड वासियों की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और व विकसित वार्ड के निर्माण की नींव रखी। विधायक गजेंद्र यादव ने बोरसी मीनाक्षी नगर वार्ड क्रमांक 53 में देवांगन समाज की मांग पर अपने निधि से देवांगन समाज के भवन के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृति कर भवन निर्माण को जल्द शुरू करने की बात अधिकारियों से कही।साथ डिपरा पारा वार्ड क्रमांक 39 नाली सड़क निर्माण के कार्य लागत 48 लाख से WBM, सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य होगा। जिसका बुधवार को पार्षद सहित नागरिको के बीच किया गया भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि पूरे शहर में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए। इसके अलावा समय पर कार्य पूरा किया जाना आवश्यक है ताकि बोरसी क्षेत्र में लोगो को अन्य कार्यक्रमो के लिए भवन मिल सके तथा नागरिकों को सीसी रोड पर आवागमन की सुविधा मिल सके। महापौर धीरज बाकलीवाल ने विभागीय अधिकारियों को कार्य शुरू करने और शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। वार्ड के नागरिको के द्वारा काफी समय से मीनाक्षी नगर में विभिन्न कार्यक्रमो के लिए देवांगन समाज भवन एवं डिपरा पारा के पार्षद व नागरिकों द्वारा सड़क सीमेंटीकरण की मांग की जा रही थी। भूमिपूजन के दौरान विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल का पार्षद स्थानीय लोगो ने आभार व्यक्त किया।

# वर्ष 2024 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को




पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिरकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश अशोक कुमार साहू के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर 2024 को वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय रामानुजगंज में आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार और अधिवक्तागण राजीनामा योग्य न्यायालय में लंबित प्रकरणों जैसे आपराधिक, धारा 138 लिखत परकाम्य अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक रिकवरी, सिविल, निष्पादन, विद्युत संबंधी, पारिवारिक विवाद, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिसर में वसूली सबंधी लंबित प्रकरण राजस्व न्यायलयों में आय,जाति, निवास, सीमांकन एवं नामांतरण बंटवारों से संबंधित मामले, इत्यादि के साथ बैंक लोन, बिजली, पानी एवं दूरभाष से संबधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणो में राजीनामा के आधार पर निराकरण करा सकेंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403